मुंबई(महाराष्ट्र) से प्रकाशित
हिन्दी दैनिक

# उत्तरशक्ति

हर खबर निष्पक्षता के साथ

मुंबई
वर्ष: 8 अंक 27
रविवार, 03 अगस्त 2025
मूल्य 3 रुपए, पृष्ठ-6
RNI NO. MAHHIN/2018/76092
email ID- uttarshaktinews@gmail.com
www.uttarshaktinews.com

# दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने जा रहा भारत : नरेन्द्र मोदी

- पीएम मोदी ने दी काशी को 2183 करोड़ की सौगात
- 14 परियोजनाओं का लोकार्पण, 38 का शिलान्यास
- किसानों को मिली किसान सम्मान निधि की 20वीं किस्त, देश के 10 करोड़ किसानों के खातों में पहुंचा 21,000 करोड़

सुरेश गांधी

**वाराणसी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को अपने संसदीय क्षेत्र काशी को 2183.45 करोड़ रुपये की 52 विकास परियोजनाओं की सौगात दी। सेवापुरी के ग्राम बनौली में आयोजित विशाल जनसभा में उन्होंने 565.35 करोड़ की लागत से बनी 14 परियोजनाओं का लोकार्पण और 1618.10 करोड़ रुपये की 38 परियोजनाओं का शिलान्यास किया।

इस मौके पर प्रधानमंत्री ने किसानों के लिए एक और बड़ी सौगात के रूप में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 20वीं किस्त भी जारी की। उन्होंने बटन दबाकर देशभर के 9.7 करोड़ से अधिक किसानों के खातों में 20,500 करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि डिजिटली ट्रांसफर की। जैसे ही राशि ट्रांसफर हुई, कार्यक्रम स्थल पर मौजूद किसानों के चेहरे खुशी से चमक उठे।

खास यह है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हाल ही में भारत की अर्थव्यवस्था को डेड इकोनॉमी बताया था. उनके इस तंज के जवाब में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वाराणसी से करारा संदेश दिया और कहा कि भारत अब दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की राह पर है. प्रधानमंत्री ने कहा कि आज दुनिया की अर्थव्यवस्था कई आशंकाओं से गुजर रही है. अस्थिरता का माहौल है. ऐसे में दुनिया के देश अपने-अपने हितों पर फोकस कर रहे हैं. इसलिए भारत को भी अपने आर्थिक हितों को लेकर सजग रहना ही है. हमारे किसान, हमारे लघु उद्योग, युवाओं के रोजगार और हित हमारे लिए सर्वोपरि हैं. पीएम मोदी ने देशवासियों को स्वदेशी अपनाने का संकल्प दिलाया और कहा कि अब समय आ गया है कि हर भारतीय, हर खरीदारी में देशहित को प्राथमिकता दे.

प्रधानमंत्री ने साफ कहा- अब भारत भी हर चीज को परखने के लिए सिर्फ एक ही तराजू इस्तेमाल करेगा- वो है, भारतीय पसीने से बनी चीजें. भारतीय कौशल से बनी हों, भारतीय हाथों से बनी हों. यही हमारे लिए असली स्वदेशी है. उन्होंने कहा कि अब वक्त आ गया है जब देश का हर नागरिक, हर दुकानदार और हर उपभोक्ता इस मंत्र को अपनाए कि हम वही खरीदेंगे जो भारत में बना हो, जिसे भारतीय हाथों ने गढ़ा हो और जिसमें हमारे देश का पसीना हो. वैश्विक अस्थिरता के दौर में भारत को तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने की दिशा में यह सिर्फ सरकार की नहीं, हर भारतवासी की जिम्मेदारी है.



प्रधानमंत्री मोदी ने इस संकल्प को सिर्फ सरकार या राजनीतिक दलों तक सीमित ना रखकर हर नागरिक की जिम्मेदारी बताया. उन्होंने कहा, सरकार इस दिशा में हर प्रयास कर रही है. लेकिन देश के नागरिक के रूप में हमारे कुछ दायित्व हैं. ये बात सिर्फ मोदी नहीं, हिंदुस्तान के हर व्यक्ति को हर पल बोलते रहना चाहिए- दूसरे को कहते रहना चाहिए. जो देश का भला चाहते हैं, जो देश को तीसरे नंबर की इकोनॉमी बनाना चाहते हैं।

उसे अपने संकोच को छोड़कर देशहित में हर पल देशवासियों के अंदर एक भाव जगाना होगा- वह संकल्प है, हम स्वदेशी को अपनाएं. मोदी ने साफ किया कि ‘वोकल फॉर लोकल’ और ‘मेक इन इंडिया’ को अब केवल नारा नहीं, व्यवहारिक जीवन का हिस्सा बनाना होगा.

प्रधानमंत्री ने देश के व्यापारियों और उद्योगजगत से विशेष आग्रह किया और कहा, अब समय आ गया है कि सिर्फ और सिर्फ स्वदेशी उत्पादों को ही बेचा जाए. उन्होंने कहा, मैं व्यापार जगत से जुड़े भाइयों को आगाह करता हूं- अब हमारी दुकानों पर सिर्फ स्वदेशी सामान बिकना चाहिए.

यही देश की सच्ची सेवा होगी. जब हर घर में नया सामान आए तो वो स्वदेशी ही हो, यही हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए पीएम मोदी का यह बयान ऐसे समय में आया है, जब वैश्विक व्यापारिक दबाव, रूस-यूक्रेन युद्ध, चीन से आयात पर बहस और अमेरिका की टैरिफ पॉलिसी जैसे मुद्दे अंतरराष्ट्रीय मंचों पर चर्चा के केंद्र में हैं.

प्रधानमंत्री मोदी द्वारा जिन 14 परियोजनाओं का लोकार्पण किया गया, उनमें प्रमुख रूप से वाराणसी-भदोही-गोपीगंज मार्ग (एसएच-87) के 8.6 किमी हिस्से का चार लेन चौड़ीकरण, हरदत्तपुर रेलवे स्टेशन के पास रेल ओवरब्रिज, बाबा कालिका धाम मंदिर, अम्बेडकर क्रीड़ा संकुल में हाकी मैदान, घाटों का पुनर्विकास, च्ब परिसर में बहुउद्देश्यीय हॉल, 53 विद्यालयों का पुनरुद्धार और महामना पंडित मदन मोहन मालवीय कैंसर अस्पताल में रोबोटिक सर्जरी यूनिट व रेडिएशन मशीनें शामिल हैं।

## जम्मू-कश्मीर में केंद्र की नीति पूरी तरह विफल: महबूबा मुफ्ती



**कश्मीर, 02 अगस्त।** अनुच्छेद 370 के निरस्तीकरण की छठी वर्षगांठ से पहले, पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने शनिवार को भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर कड़ा हमला बोलते हुए कहा कि जम्मू-कश्मीर का विशेष दर्जा छीनने की नीति पूरी तरह विफल हो गई है। शनिवार को जम्मू में पत्रकारों को संबोधित करते हुए, मुफ्ती ने कहा कि 5 अगस्त, 2019 को पूरे छह साल बीत चुके हैं। उस समय, जम्मू-कश्मीर का विशेष दर्जा छीन लिया गया था और अनुच्छेद 370 को इस दावे के साथ रद्द कर दिया गया था कि जम्मू-कश्मीर में सब कुछ ठीक हो जाएगा। लेकिन हमने देखा है कि यह नीति पूरी तरह विफल रही है।

मुफ़्ती ने आरोप लगाया कि क्षेत्र में आंतरिक स्थिति सुधरने के बजाय और बिगड़ गई है, और उन्होंने सुरक्षा बलों की लगातार हो रही कार्रवाई की ओर इशारा किया। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर में आंतरिक स्थिति खराब है। पिछले छह सालों से रोजाना गिरफ़्तारियाँ हो रही हैं। जम्मू-कश्मीर में हालात पहले से भी बदतर हो गए हैं, हालाँकि आज लोग चुप हैं। यही वजह है कि हमारा देश पाकिस्तान से टकराव की स्थिति में आ गया है। पाकिस्तान की हैसियत क्या है? उनकी अर्थव्यवस्था हमारी अर्थव्यवस्था का दसवाँ हिस्सा भी नहीं है, फिर भी आज पूरी दुनिया हमारी तुलना उनसे कर रही है।

पूर्व मुख्यमंत्री ने भाजपा की आक्रामक नीति और क्षेत्रीय कूटनीति पर इसके व्यापक प्रभाव की भी आलोचना की। उन्होंने कहा कि दुर्भाग्य से, भाजपा ने देश में ऐसा माहौल बना दिया है कि आज सभी समूह कह रहे हैं।

## दिल्ली में हर झुग्गी वालों को मिलेगा पक्का मकान: सीएम रेखा गुप्ता

**नई दिल्ली, 02 अगस्त।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शनिवार को सुल्तानपुरी में लंबे समय से खाली पड़े दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) के लगभग 50,000 फ्लैटों का निरीक्षण किया और कहा कि भाजपा गरीबों को आवास, सुरक्षा और बेहतर सुविधाएँ उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। साथ ही, उन्होंने एक दशक से भी ज्यादा समय से झुग्गीवासियों को फ्लैट आवंटित न करने के लिए पिछली सरकारों की आलोचना की। अपने दौरे के दौरान, मुख्यमंत्री गुप्ता ने कहा कि 2011 में निर्मित लगभग 50,000 फ्लैट एक दशक से भी ज्यादा समय से अप्रयुक्त पड़े हैं, उनकी हालत बदतर होती जा रही है और अब उन्हें व्यापक मरम्मत की आवश्यकता है।



एएनआई से बात करते हुए, सीएम गुप्ता ने कहा कि 2011 में बने ये फ्लैट झुग्गी-झोपड़ियों में रहने वाले गरीब लोगों को आवास प्रदान करने के लिए थे। हालांकि, सरकार की लापरवाही और गलत इरादों के कारण, इन फ्लैटों को बार-बार झुग्गी-झोपड़ियों में रहने वालों को आवंटित करने से रोका गया। उनका इरादा गरीबों को बुनियादी सुविधाओं से वंचित रखना था। आज, ये 50,000 फ्लैट जीर्ण-शीर्ण अवस्था में हैं और इनकी मरम्मत के लिए करोड़ों रुपये की आवश्यकता है। भाजपा यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि गरीबों को आवास, सुरक्षा और बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हों।

दिल्ली के मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के इस दृष्टिकोण के अनुरूप कि हर गरीब को अपना घर मिले, हम इस लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में काम कर रहे हैं। हमने निर्देश दिए हैं कि चाहे कोई भी एजेंसी हो, उन्हें झुग्गियों को नहीं तोड़ना चाहिए। जब तक हम गरीबों को घर नहीं दे देते, हम किसी की शिकायत नहीं सुनना चाहते। विपक्ष को भी इसमें शामिल नहीं होना चाहिए। अगर जरूरत पड़ी तो हम 10 लाख और घर भी बना सकते हैं। दिल्ली के मंत्री आशीष सूद ने कहा कि यह पहल प्रधानमंत्री के निर्देशों के तहत व्यापक आवास अभियान का हिस्सा है।

सूद ने संवाददाताओं से कहा कि प्रधानमंत्री के निर्देश पर हमने झुग्गियों की जगह घर बनाने का वादा किया था। इस वादे को पूरा करने के लिए मुख्यमंत्री ने अपने बजट में 200 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं। इन्हीं प्रावधानों के तहत हम यहाँ काम का निरीक्षण करने आए हैं। अब समय आ गया है कि झुग्गियों में रहने वाले दिल्ली के नागरिकों को सम्मानजनक जीवन प्रदान किया जाए। मरम्मत और पुनर्निर्माण के जरिए हम ईडब्ल्यूएस हाउसिंग के लोगों को सम्मानजनक जीवन देने का काम करेंगे।₹ भाजपा नेता योगेंद्र चंदोलिया ने दावा किया कि ये फ्लैट वास्तव में 2016 में बनाए गए थे और इनमें 1,060 यूनिट हैं।

## मेडिकल कालेज, जौनपुर में एम.बी.बी.एस. एवं पैरामेडिकल' के छात्रों को राज्य मंत्री द्वारा टैबलेट का वतरित

**जौनपुर (उत्तरशक्ति)।** उमानाथ सिंह स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, जौनपुर में आज गिरीश चंद्र यादव, राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) खेल एवं युवा कल्याण विभाग, उत्तर प्रदेश सरकार के द्वारा एम०बी०बी०एस० एवं पैरामेडिकल पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत विद्यार्थियों को डिजिटल शिक्षा को प्रोत्साहित करने हेतु टैबलेट वितरित किए गए। इस अवसर पर मंत्री ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि डिजिटल उपकरणों की उपलब्धता से विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और तकनीकी संसाधनों तक आसान बेहतर तरीके से कर सकेंगे। सरकार विद्यार्थियों के सवार्गीण विकास के लिए कृतसंकल्प है। यह वितरण कार्यक्रम प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही डिजिटल इंडिया मिशन के अंतर्गत युवाओं को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण



कदम है। प्रदेश सरकार युवा पीढ़ी को डिजिटल संसाधनों से लैस कर उन्हें ज्ञान आधारित समाज के निर्माण में सहभागी बनाना चाहती है। टैबलेट वितरण का उद्देश्य केवल एक उपकरण देना नहीं, बल्कि छात्रों को तकनीक से जोड़कर उनकी शिक्षा को अधिक प्रभावी और समृद्ध बनाना है।₹ यह टैबलेट वितरण कार्यक्रम डिजिटल शिक्षा को बढ़ावा देने ओर तकनीकी सशक्ति के उद्देश्य से राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न पहलों में से एक है। इससे मेडिकल क्षेत्र के विद्यार्थियों को ऑनलाइन अध्ययन सामग्री, ई-बुक्स, शैक्षणिक ऐप्स एवं ऑनलाइन कक्षाओं का लाभ सहज रूप से प्राप्त होगा। कार्यक्रम के नोडल डा० विनोद वर्मा ने मंत्री के इस बहुल्य समय के लिए हृदय से धन्यवाद ज्ञापित किया और छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि छात्र अपने विषय से संबंधित नवीनतम जानकारी इंटरनेट के माध्यम से प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने साइबर सुरक्षा से जुड़ी जरूरी सावधानियों जैसे-पासवर्ड सुरक्षा, फिशिंग से बचाव, अनुचित सामग्री से दूरी इत्यादि के बारे में भी विद्यार्थियों को जागरूक किया।कार्यक्रम के दौरान संस्थान की प्रधानाचार्य, डा० रूचिरा सेठी, उप प्रधानाचार्य प्रो० डा० आशीष यादव, मुख्य चिकत्सा अधीक्षक डा० ए०ए० जाफरी , प्रो० डा० भारती यादव, विभागध्यक्ष, एनॉटामी विभाग, डा०ले०सी०बी० एस० कर्नल पटेल, डा० मुदित चौहान, डा० आदर्श यादव, डा० नवीन सिंह, डा० पूजा पाठक, डा० प्रियंका, डा० अर्चना एवं लिपिक सुशील कुमार, अंकित जायसवाल, प्रभात गुप्ता राजन प्रजापति,आकाश शर्मा, शुभम यादव एवं सहायक कर्मचारी-जगरोशन चौहान, विपिन, सौरभ, दिग्विजय, विजय तथा एम०बी०बी०एस० एवं पैरामेडिकल छात्र/छात्राएं उपस्थित रहें।

## प्रज्वल रेवन्ना को उम्रकैद की सजा

**बेंगलुरु।** पूर्व जेडीएस सांसद प्रज्वल रेवन्ना को बलात्कार के मामले में आजीवन कारावास और 11 लाख रुपये का जुमार्ना की सजा सुनाई गई है। होलेनरसीपुरा ग्रामीण पुलिस स्टेशन में उनके खिलाफ बलात्कार का मामला दर्ज हुआ था। बेंगलुरु स्थित जनप्रतिनिधियों की विशेष अदालत ने 18 जुलाई को बलात्कार मामले की सुनवाई पूरी कर ली थी और अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। जिसके बाद आज सजा का ऐलान किया गया। प्रज्वल पूर्व प्रधानमंत्री और जेडी(एस) के संरक्षक एचडी देवेगौड़ा के पोते हैं।






# चुनाव आयोग पर वारः लोकतंत्र के लिये खतरे की घंटी



-ललित गर्ग

भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र है, और इस लोकतंत्र की बुनियाद जिन संस्थाओं पर टिकी है, उनमें चुनाव आयोग की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण, निष्पक्ष और प्रतिष्ठित मानी जाती है। किंतु लोकतंत्र की रक्षा का दावा करने वाले प्रमुख विपक्षी नेता श्री राहुल गांधी जैसे वरिष्ठ जनप्रतिनिधि जब चुनाव आयोग जैसी सर्वोच्च संवैधानिक संस्था पर वोट चोरी में शामिल होने एवं बिहार में मतदाता सूची में धांधली जैसे गंभीर, शरारत भरे, बेहूदे और गुमराह करने वाले आरोप सड़क से लेकर लोकसभा तक में लगाते हैं, तब यह केवल एक संवैधानिक संस्था पर नहीं बल्कि पूरे लोकतांत्रिक ढांचे पर सीधा प्रहार है, यह दुर्भाग्यपूर्ण भी है और चिंताजनक भी। चुनाव आयोग का काम केवल चुनाव कराना नहीं है, बल्कि यह संस्था लोकतंत्र को पारदर्शिता, विश्वसनीयता और निष्पक्षता से चलाने की रीढ़ है। लाखों कर्मचारियों, सुरक्षा बलों और तकनीकी सहयोग के बीच करोड़ों मतदाताओं को चुनाव प्रक्रिया में शामिल करना, भारत जैसे विविधतापूर्ण देश में, एक असाधारण कार्य है। चुनाव आयोग ने समय-समय पर खुद को दबावों से ऊपर उठकर न्यायप्रिय संस्था के रूप में सिद्ध किया है।

बिहार में मतदाता सूची के विशेष सघन पुनरीक्षण (सर) का जबरदस्त विरोध करते हुए राहुल गांधी चुनाव आयोग एवं उनके अधिकारियों को डराने एवं धमकाने की भाषा का प्रयोग कर रहे हैं। राजनीति में जब हार की बौखलाहट हावी हो जाती है, तो ऐसे ही विकृत आरोपों और झूठे नैरेटिव को गढ़ा जाता है। श्री राहुल गांधी द्वारा हाल ही में चुनाव आयोग पर लगाए गए आरोप इसी राजनीतिक हताशा का परिणाम प्रतीत होते हैं। वे चुनाव परिणामों या प्रक्रिया में किसी तकनीकी दोष की बजाय, सीधे आयोग की नीयत पर सवाल उठा रहे हैं, जो कि एक गंभीर लोकतांत्रिक अनाचार एवं अराजकता है। वे अपनी नाकामी का ठीकरा चुनाव आयोग पर फोड़ रहे हैं और वह भी भद्दे तरीके से। चूंकि उनके ऐसे पुराने आरोप ठहर नहीं रहे इसलिए वे कुंठित हो रहे हैं। वे हताशा में हद पार कर रहे हैं। उन्हें सोचना चाहिए कि वे नेता सदन हैं और उस कांग्रेस के नेता हैं, जिसने देश पर लंबे समय तक शासन भी किया और चुनाव प्रक्रिया में सुधार के कुछ कदम भी उठाए। क्या कांग्रेस के लिए यह शर्म की बात नहीं कि जिस ईवीएम का उपयोग उसके शासनकाल में शुरू हुआ, उसके पीछे उसके ही बड़े नेता पड़े हैं। हाल के वर्षों में ईवीएम के कथित दुरुपयोग के जो भी आरोप लगे, उन्हें तो सुप्रीम कोर्ट ने भी फर्जी पाया। महाराष्ट्र चुनाव को लेकर लगाए गए आरोप भी फर्जी ही पाए गए। राहुल गांधी ने लोकसभा में चुनाव आयोग के खिलाफ उलटा-सीधा नहीं, उलटा ही उलटा इसलिए बोला ताकि सांसद को मिले अधिकारों के तहत उनके खिलाफ कोई कार्रवाई न हो सके।




चुनाव आयोग ने राहुल गांधी के नितांत झूठे, बेबुनियाद, निराधार और भारतीय लोकतंत्र की छीछालेदर करने वाले आरोपों का कड़ा प्रतिवाद करने के साथ यह कहकर उन्हें बेनकाब भी किया कि वे किस तरह अपने आरोपों का जवाब सुनने या अपने आरोपों की सच्चाई प्रस्तुत करने आयोग के समक्ष उपस्थित नहीं हुए। आरोपों में दम होता तो वे उपस्थित होते। चुनाव आयोग ने बार-बार उन्हें बुलाया, लेकिन लगता है कि वे खुद को इस संवैधानिक संस्था से भी ऊपर समझ रहे हैं। वे गांधी परिवार के सदस्य हैं, लेकिन इसका यह मतलब नहीं कि वे जो मन में आये करते रहे कि आम जनता उनके शरारत भरे आरोपों को सच मान लेगी। जनता का उनके आरोपों पर भरोसा उठ चुका है, उनके आरोपों पर ही नहीं, उन पर भरोसा नहीं रहा तभी तो चुनावों में कांग्रेस की इतनी दुर्गति हो रही है। गृहमंत्री अमित शाह ने लोकसभा में सही सका कि ऐसी हरकतों से कांग्रेस 30 साल तक विपक्ष में ही बैठती रहेगी। वोट चोरी के आरोप लगा रहे राहुल और उनके साथी यह क्यों भूल जाते हैं कि झारखंड और जम्मू-कश्मीर विधानसभा के चुनाव कौन जीता था? क्या यह उचित है कि जब तक चुनाव परिणाम अनुकूल हों तब तक चुनाव आयोग निष्पक्ष है, और जब हार हो जाए तो वही आयोग पक्षपाती हो जाए? क्या लोकतंत्र का सम्मान इस प्रकार के दोहरे मापदंडों से किया जा सकता है? राहुल गांधी को यह नहीं भूलना चाहिए कि वे स्वयं उसी निर्वाचन प्रणाली से संसद पहुंचे हैं, जिसे अब वे झूठा और पक्षपाती बताने की कोशिश कर रहे हैं। यह जनता की समझ और चेतना का भी अपमान है। अब यह भी साफ है कि ऐसे लोग मतदाता सूचियों का सत्यापन नहीं होने देना चाहते, भले ही घुसपैठिये वोटर बने रहें, यह तो सबसे बड़ा देशद्रोह है। इस मामले में जनहित याचिकाएं सुनने को आतुर सुप्रीम कोर्ट को भी सक्रिय होना चाहिए।

यदि किसी दल या नेता को किसी प्रक्रिया पर आपत्ति है, तो उनके पास कानूनी और संवैधानिक मार्ग खुले हैं। लेकिन सार्वजनिक मंचों से इस तरह झूठी कहानियां गढ़कर जनता को भ्रमित करना, लोकतंत्र की मयार्दाओं को तार-तार करना है। चुनाव आयोग ने बार-बार यह सिद्ध किया है कि वह सत्ता या विपक्ष, दोनों से परे, केवल संविधान और जनादेश के प्रति जवाबदेह है। ऐसे में बार-बार उसे लांछित करना विपक्षी राजनीति की गिरती हुई संस्कृति का परिचायक है। आज आवश्यकता इस बात की है कि सभी राजनीतिक दल और नेता लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा करें, न कि उन्हें क्षति पहुंचाएं। यदि विपक्ष को सशक्त बनना है, तो उसे अपने विचारों की ताकत और जनसमर्थन की ऊर्जा से यह करना होगा, न कि संस्थाओं को कमजोर कर या झूठी शंकाओं का धुंआ फैलाकर। राहुल गांधी जैसे नेताओं से अपेक्षा की जाती है कि वे जनता के बीच संवेदनशीलता, सच्चाई और गंभीरता का उदाहरण प्रस्तुत करें। किंतु जब वे स्वयं राजनीतिक अपरिपक्वता, अविश्वास और तर्कहीन आलोचनाओं के वाहक बन जाते हैं, तो इससे केवल विपक्ष की साख ही नहीं, बल्कि लोकतंत्र की पूरी संरचना प्रभावित होती है। राहुल गांधी द्वारा यह दावा करना कि पूर्व में महाराष्ट्र एवं हाल ही में बिहार में लाखों फर्जी वोटर जुड़े हैं, यह आरोप न केवल अतिशयोक्ति और तथ्यहीनता का उदाहरण है, बल्कि इससे मतदाताओं में अनावश्यक भय और भ्रम फैलता है। चुनाव आयोग ने स्पष्ट किया कि यह पूरी तरह भ्रामक है और यह मतदाता सूची में प्राकृतिक अद्यतन प्रक्रिया का हिस्सा है, जिसमें मृतकों, स्थानांतरित लोगों या दोहरावों को हटाकर सत्यापन किया जाता है। बिहार राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने भी इसे नियमित कार्यवाही बताते हुए राहुल गांधी के आरोपों को बेबुनियाद बताया है। यह स्पष्ट करता है कि “वोट चोरी” का शोर एक राजनीतिक भ्रमजाल है, न कि तथ्यात्मक आपत्ति। राहुल गांधी के ऐसे बचकाने और संवेदनहीन बयानों से देश की लोकतांत्रिक प्रक्रिया में अफरातफरी और अविश्वास का माहौल बनता है। यह किसी विपक्ष की सशक्त आलोचना नहीं, बल्कि एक अराजक और गैर-जिम्मेदार राजनीतिक व्यवहार का उदाहरण है। जब विपक्ष का प्रमुख चेहरा बिना तथ्यों के गंभीर संस्थाओं पर कीचड़ उछालता है, तो न केवल देश की जनता भ्रमित होती है, बल्कि अंतरराष्ट्रीय मंच पर भी भारत की लोकतांत्रिक छवि धूमिल होती है। ऐसे निराधार वक्तव्यों से लोकतंत्र मजबूत नहीं होता, बल्कि अराजकता को बढ़ावा मिलता है। इसलिए समय की मांग है कि ऐसे गुमराह करने वाले वक्तव्यों का तीव्रता से खंडन ही नहीं किया जाये बल्कि ऐसे मिथ्या एवं भ्रामक आरोप लगाने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई भी की जाये। अब यह आवश्यक है कि यदि राहुल गांधी या उनके सहयोगी अथवा कथित लोकतंत्र हितैषी चुनाव आयोग पर सिरे से झूठे आरोप लगाएं तो वह उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई करे। यदि ऐसा काम राहुल संसद के बाहर करें तो उनके खिलाफ भी चुनाव आयोग को पुलिस में शिकायत करने के साथ सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाना चाहिए। यह इसलिए जरूरी है, क्योंकि कुछ लोग लोकतंत्र बचाने के नाम पर उससे ही खेल रहे हैं। चुनाव आयोग जैसी संस्थाओं को उनके संवैधानिक कर्तव्यों के निर्वहन में समर्थन और सम्मान दिया जाए। लोकतंत्र का स्वास्थ्य तभी सुरक्षित रहेगा जब उसकी संस्थाएं सशक्त, सम्मानित और निष्पक्ष बनी रहें।

# काशी से उठी राष्ट्रनिर्माण की हुंकार :



-सुरेश गांधी

## सुरक्षा और स्वाभिमान का नया संकल्प

फिरहाल, प्रधानमंत्री मोदी का यह वाराणसी दौरा एक ऐतिहासिक पल बन गया। यह केवल परियोजनाओं का लोकार्पण नहीं था, यह राष्ट्र को आत्मबल देने वाली पुकार थी। या यूं कहे विकास योजनाओं की घोषणाओं या उद्घाटनों तक सीमित नहीं था, बल्कि यह एक विराट राष्ट्रसंकल्प का उद्घोष भी था। भारत अब केवल योजनाएं नहीं बना रहा, वह भविष्य गढ़ रहा है, अपने श्रमिकों, किसानों, सैनिकों, दिव्यांगों, युवाओं और संतानों के साथ मिलकर। काशी से यह संदेश स्पष्ट है, यह नया भारत है। यह झुकेगा नहीं, डरेगा नहीं, और आत्मनिर्भरता की राह पर अडिग होकर आगे बढ़ेगा। जिस ऑपरेशन सिंदूर की घोषणा को बाबा विश्वनाथ और कालभैरव की कृपा का प्रसाद बताया, वह न केवल भारत की आतंकवाद विरोधी सैन्य क्षमता का प्रदर्शन था, बल्कि यह उस 140 करोड़ देशवासियों की एकजुट शक्ति का साक्षात प्रमाण भी था, अब भारत आतंक पर प्रतीक्षा नहीं, प्रतिकार करता है। जिसे आज का नया भारत जीता है। प्रधानमंत्री ने स्पष्ट शब्दों में कहा, “जो भारत पर वार करेगा, उसे पाताल में भी नहीं छोड़ा जाएगा।” यह केवल एक भावुक भाषण नहीं था, यह भारत की नई सैन्य नीति की बुनियादी घोषणा थी। यह वाक्य केवल एक राजनीतिक बयान नहीं, बल्कि वैश्विक मंच पर भारत की बदली हुई रणनीतिक दृढ़ता और नैतिक स्पष्टता का एलान है।

विपक्ष द्वारा इस कार्रवाई पर सवाल उठाना उन्होंने दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए पूछा कि क्या सिंदूर को भी तमाशा कहा जा सकता है? प्रधानमंत्री ने अपने उद्बोधन में यह भी कहा, नया भारत भोलेनाथ को पूजता है, लेकिन समय आने पर कालभैरव भी बन जाता है। यह उन आतंकियों को चेतावनी है जो भारत की ओर आँख उठाकर देखते हैं। भारत अब न केवल अपने नागरिकों की रक्षा करता है, बल्कि खतरे की जड़ पर प्रहार करना जानता है। यह पंक्ति आज के भारत की आत्मा को शब्द देती है। अब देश आस्था और आत्मरक्षा, दोनों को साथ लेकर आगे बढ़ रहा है। मोदी ने सवाल किया कि क्या आतंकियों पर कार्रवाई से पहले कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों से इजाजत ली जानी चाहिए? उन्होंने कहा कि कुछ लोग इस ऑपरेशन को तमाशा बता रहे हैं, जो उनका राष्ट्रविरोधी मानसिकता को उजागर करता है। ब्रह्मोस मिसाइलों से लेकर एयर डिफेंस सिस्टम तक, प्रधानमंत्री ने मेक इन इंडिया को भारत की सैन्य ताकत में बदलते हुए देखने का संदेश दिया। प्रधानमंत्री ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर में भारत के स्वदेशी हथियारों की ताकत दुनिया ने देखी। ब्रह्मोस मिसाइल, ड्रोन, और वायु सुरक्षा प्रणाली भारत की रक्षा आत्मनिर्भरता का परिचायक बन चुकी है। विशेष बात यह रही कि प्रधानमंत्री ने घोषणा की, “अब लखनऊ में ब्रह्मोस मिसाइल बनेगी और यदि पाकिस्तान ने फिर पाप किया, तो यहीं से उत्तर मिलेगा। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि यूपी डिफेंस कॉरिडोर भारत की सुरक्षा का नया आधार बनेगा।

प्रधानमंत्री ने देशवासियों से अपील की कि वह ऐसे उत्पाद खरीदें जिनमें किसी न किसी भारतीय का पसीना बहा हो। इस स्वदेशी आह्वान में केवल आत्मनिर्भरता नहीं, राष्ट्रीय आत्मसम्मान की भावना जुड़ी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि वैश्विक अस्थिरता के दौर में भारत को अपने आर्थिक हितों की रक्षा के लिए सजग और सक्रिय होना होगा। काशी में आयोजित कार्यक्रम में जब पीएम मोदी ने दृष्टिबाधित छात्रा बबली को अपने हाथों से लो-विजन चश्मा पहनाया, और जब दिव्यांगजनों को आधुनिक उपकरण दिए गए, तो यह

**सावन की पावन बेला में जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी पहुंचे, तो यह केवल एक सरकारी कार्यक्रम नहीं था। यह राष्ट्र निर्माण की पुनः उद्घोषणा थी, एक ऐसे भारत की परिकल्पना, जो आत्मनिर्भर भी है, सजग भी और संकल्पबद्ध भी। काशी के सेवापुरी में आयोजित भव्य जनसभा से प्रधानमंत्री ने जिस भाव-गंभीरता के साथ देशवासियों को संबोधित किया, उसमें श्रद्धा, शक्ति और स्वदेशी का एक त्रिसूत्रीय संदेश था। काशी का संदेश : यह भारत अब रुकने वाला नहीं. मतलब साफ है प्रधानमंत्री मोदी का यह वाराणसी दौरा केवल विकास योजनाओं का उद्घाटन नहीं, बल्कि एक संदेश था कि काशी अब न केवल अध्यात्म का ध्रुव है, बल्कि भारत की सुरक्षा, स्वाभिमान, समृद्धि और सामाजिक समरसता की नई गाथा भी है. यह दौरा इस बात का प्रमाण है कि जब राजनीतिक नेतृत्व में दूरदृष्टि, प्रशासन में समर्पण और नीति में संवेदना हो, तो विकास एक आंदोलन बन जाता है। काशी से जो गूंजा, वह केवल चुनावी भाषण नहीं था, वह था नवभारत के आत्मनिर्भर, समावेशी और अडिग राष्ट्र संकल्प का शंखनाद**

सहायता नहीं, सशक्तिकरण का उदाहरण बन गया। दिव्यांग शब्द को गढ़ने वाले प्रधानमंत्री के लिए यह केवल शब्द नहीं, संवेदना और नीति का संगम है। प्रधानमंत्री ने बताया कि अब एक लाख से अधिक बैंकिंग टीमें पंचायत स्तर तक पहुँच चुकी हैं। गांवों में जिन लोगों ने कभी बैंक नहीं देखा था, उनके पास भी अब बैंक खाता है और वे डिजिटली सशक्त हो चुके हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि अब उत्तर प्रदेश दंगों, माफियाओं और अपराध से मुक्त हो गया है। उन्होंने कहा, जो राज्य कभी अपराधों के लिए बदनाम था, वह आज निवेश और विकास का केंद्र बन चुका है। अपराधियों में योगी सरकार का डर है। खास यह है कि यूपी के पूर्वांचलवासियों को प्रधानमंत्री ने 2183 करोड़ रुपये की 52 विकास परियोजनाओं की सौगात दी, वह विकास की कड़ी में मील का पत्थर का साबित होगा। इसमें भदोही से वाराणसी फोरलेन सड़क, रेल ओवरब्रिज, स्मार्ट केबलिंग, पुस्तकालय, घाट सौंदर्यीकरण, दिव्यांगजन उपकरण, सिंचाई योजनाएं, स्कूल भवन, पार्क आदि शामिल है। इन कार्यों की विविधता बताती है कि यह केवल बजट खर्च नहीं, बल्कि नागरिक जीवन की हर परत में बेहतरी का सुनियोजित प्रयास है। काशी में जो हो रहा है, वह मॉडल के रूप में देश के सामने है। पीएम किसान सम्मान निधि की 20वीं किस्त के रूप में 9.7 करोड़ से अधिक किसानों के खातों में 20,500 करोड़ रुपये का डिजिटल ट्रांसफर केवल आर्थिक सहयोग नहीं, यह किसान के श्रम को नमन है। “जो किसान आत्महत्या कर रहे थे, आज वही आत्मनिर्भर भारत की रीढ़ बन चुके हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि काशी से जो धन जाता है, वह प्रसाद बन जाता है। यही दृष्टिकोण आज किसान के परिश्रम के लिए सरकार की संवेदनशीलता को प्रमाणित करता है। प्रधानमंत्री ने अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के उस बयान का भी जवाब दिया जिसमें भारत को डेड इकोनॉमी कहा गया था। मोदी ने कहा, हमारी हर खरीद, हर बिक्री भारतीय पसीने की गवाही देनी चाहिए। हम वही खरीदेंगे, जो भारतीय हाथों ने गढ़ा हो। यही सच्चा राष्ट्रधर्म है। उन्होंने सभी दुकानदारों और व्यापारियों से आह्वान किया, अब दुकानों पर केवल स्वदेशी सामान बिके, यही सच्ची देशसेवा होगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने काशी की सनातन आत्मा और उसकी वैश्विक पहचान का जिक्र करते हुए बताया कि पीएम के नेतृत्व में अब यह नगरी विकास का अंतरराष्ट्रीय मॉडल बन चुकी है। 51 हजार करोड़ की योजनाएं, 51 बार क्षेत्रीय दौरा, प्रधानमंत्री और काशी के रिश्ते की यह अनूठी मिसाल है। काशी भारत की आत्मा है और अब इसकी पहचान वैश्विक हो चुकी है। प्रधानमंत्री ने 51वीं बार काशी आकर यह साबित कर दिया कि यह सिर्फ क्षेत्रीय प्रतिनिधित्व नहीं, बल्कि सांस्कृतिक नेतृत्व है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सही कहा, काशी की आत्मा सनातन है और पहचान वैश्विक”, और यही वैश्विकता आज आधुनिक सुविधाओं के साथ जुड़कर उसे विकास का जीवंत तीर्थ बना रही है।

मतलब साफ है काशी की धरती से प्रधानमंत्री मोदी ने केवल योजनाओं का उद्घाटन नहीं किया, बल्कि भारत के राष्ट्रधर्म, आत्मसम्मान, सुरक्षा और स्वदेशी के मंत्र को फिर से जन-जन तक पहुंचाया। ऑपरेशन सिंदूर की गूंज सिर्फ सीमाओं तक नहीं, देश के हर नागरिक के मन में आत्मविश्वास भर रही है। अब भारत सिर्फ रणनीति नहीं, संकल्प से चलता है। और यह संकल्प है, भारत को किसी से डर नहीं, अब भारत से डर लगना चाहिए। प्रधानमंत्री का यह दौरा केवल योजनाओं के उद्घाटन का औपचारिक अवसर नहीं था, बल्कि इसमें विकास की योजनाएं, किसानों को सम्मान, दिव्यांगों को संबल और काशी के हर कोने को जोड़ने की दृष्टि दिखाई दी। काशी, एक बार फिर विकास की नई लहर का साक्षी बनी। प्रधानमंत्री मोदी का यह दौरा केवल एक राजनीतिक कार्यक्रम नहीं, भारत की रक्षा नीति, आर्थिक आत्मनिर्भरता, सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक गौरव का घोषणापत्र साबित हुआ। काशी ने फिर से भारत की चेतना को जागृत किया और ऑपरेशन सिंदूर के रूप में दुनिया को भारत के सामर्थ्य का परिचय दिया। अपनी काशी से जो संदेश देश और दुनिया को दिया, वह केवल घोषणाओं और परियोजनाओं की शृंखला नहीं थी, बल्कि नए भारत की राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक आकांक्षाओं की स्पष्ट रेखाचित्र थी। यह एक ऐसा अवसर बना, जहां विकास, राष्ट्र सुरक्षा, आत्मनिर्भर भारत, कृषि कल्याण, और सामाजिक संवेदनाओं की विराट झलक एक साथ सामने आई।




# ट्रंप और टैरिफ, अमेरिकी लोकतंत्र में अधिनायकवाद का दौर



संजीव ठाकुर

दुनिया के देशों में ट्रंप के टैरिफ युद्ध से 70 देशों में बड़ी अफरा तफरी मचने के बाद अमेरिका में व्यापार संरक्षणवाद का नया दौर प्रारंभ हो गया है। अमेरिकी राष्ट्रपति के अधिनायकवाद के चलते अमेरिका जो कभी अर्थव्यवस्था में संरक्षणवाद का घोर विरोधी रहा है, अब अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप की नई नीति के कारण संरक्षणवाद का नया दौर शुरू हो गया है। इस नए संरक्षण वाद के चलते अमेरिका में भी कीमतों में भारी उछाल आया है।

वाशिंगटन पोस्ट के अनुसार अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप कनाडा, ब्राजील, भारत, ताइवान सहित 69 देश और यूरोपीय यूनियन के 27 सदस्यों वाले राज्यों से होने वाले आयात पर टैरिफ की नई दरों को निर्धारित करने वाले कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर कर दिए हैं। पूरे विश्व के अर्थशास्त्रियों को मानना है कि इससे वैश्विक अर्थव्यवस्था पर दूरगामी परिणाम होंगे और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अपने वैश्विक फैसले पर कितनी देर तक अडिग रह सकते हैं इसमें बहुत ज्यादा संशय की स्थिति बनी हुई है। अमेरिका के ऐतिहासिक दौर में न जाने किन-किन वित्तीय सलाहकारों की सलाह पर राष्ट्रपति ने इस तरह उथल-पुथल मचाने वाले टैरिफ वार की घोषणा की है। टैरिफ की इस नई लहर से पूरे वैश्विक बाजार में शेयर बाजारों में तगड़ी तथा अभूतपूर्व गिरावट परिलक्षित हुई है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की इस नई टैरिफ टैरिफ नीति के कारण जो द`तय की गई है उसमें कनाडा से आयातित वस्तुओं पर 35% ,ब्राजील पर 50%, भारत पर 25%, ताइवान पर 20% और स्विट्जरलैंड में 39% शुल्क शामिल है। आर्थिक विश्लेषकों के अनुसार अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की इस आदेश में 69 देश के लिए 7 दिनों में 10 से 40 तक की उच्च आयात शुल्क लगाने वाली घोषणा से वैश्विक बाजार में भारी भारी अफरा तफरी मच गई है। ट्रंप के पहले राष्ट्रपति के दौर में यह तो तय था की डोनाल्ड ट्रंप एक व्यापारिक मनोवृति के व्यक्ति हैं और व्यापार को अमेरिका के हित में आगे बढ़ाने का प्रयास करते रहे हैं। दूसरी बार अमेरिका के राष्ट्रपति बनने के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति ऐसा प्रतीत होता है कि वह बहुत जल्दबाजी में अपने देश के व्यापार को शिखर में ले जाकर व्यवसायिक सिरमौर बनना चाहते हैं। इस कदम से उन्हें पता ही नहीं चला कि वे कब और किस तरह पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपतियों से अलग अमेरिकी लोकतंत्र के अधिनायकवादी शासक बन गए हैं। इससे उनकी पार्टी तथा विरोधी दल के नेता सहित अमेरिकी आम उपभोक्ता भी अचंभित तथा त्रस्त हो गए हैं। भारत के संदर्भ में वे लगभग यह भूल चुके हैं कि भारत अब पहले जैसा भारत नहीं रहा। आज भारत विश्व की चौथी बड़ी आर्थिक शक्ति बन चुका है और भारत में विश्व का सबसे बड़ा वैश्विक बाजार उसकी जनसंख्या के बलबूते पर केंद्रित हो गया है। भारत के साथ 25% टैरिफ लगाने के संदर्भ में यह भी गौरतलब है कि भारतीय बाजार को नुकसान पहुंचाने के साथ-साथ अमेरिकी बाजार में भी आर्थिक क्षति की संभावना बलवती हो गई है। भारत में 25% टैरिफ लगाने पर भारत के कई अर्थशास्त्र के संगठनों ने कहा कि अमेरिका के इस लगाए गए नए टैरिफ रेट से न सिर्फ अमेरिका के घरेलू उत्पादों में गिरावट आकर मुद्रा स्थिति की दर ज्यादा होगी और इससे अमेरिकी उपभोक्ताओं को नुकसान पहुंचाने की संभावना भी है और दूसरी तरफ भारत को थोड़े अल्पकालिक नुकसान के साथ कई महत्वपूर्ण क्षेत्रों में आत्मनिर्भर बनने की अनिवार्यता को और मजबूत बनाएगा। अगर अमेरिका को यह लगता है कि दबाव की रणनीति को लागू करके भारत की राजनीतिक दिशा को प्रभावित कर सकता है तो अमेरिका भारी भूल में है उसे यह बात जान लेनी चाहिए की वर्तमान का भारत एक दशक वाला पुराना भारत नहीं रहा है। अब भारत किसी भी देश की उपस्थित या दबाव झेंलने के लिए बाध्य नहीं है। यह भी अंदेशा लगाया जा रहा है कि अमेरिका ने व्यापार समझौते में बेहतर वार्ता सुनिश्चित करने के लिए यह दबाव बनाया है। पर यह भी संभावना है कि भारत पर इसका आंशिक असर तो पड़ेगा ही और भारत पर अमेरिका के साथ आयात निर्यात में 45 अरब डॉलर के अधिशेष व्यापार पर हल्का खतरा बन सकता है। इसके लिए भारत को अमेरिका के सामने झुकने की कतई आवश्यकता प्रतीत नहीं होती है। भारत विदेश मंत्रालय ने अमेरिका के इस रूप पर अपनी कोई प्रतिक्रिया जाहिर नहीं की है इससे यह स्पष्ट है कि भारत किसी तरह के दबाव में नहीं है और अमेरिका के इस रुख को अच्छे से समझ चुका है।

अमेरिका में भी ऐतिहासिक तौर पर डोनाल्ड ट्रंप भारत के बाद सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश के एक अधिनायक वादी राष्ट्रपति बन चुके हैं और उनकी सनक के चलते उनकी पार्टी के नेता ही उनके अंदरुनी विरोध में आ चुके हैं उल्लेखनीय है कि उनके चुनावी मित्र टेस्ला के प्रमुख एलन मस्क ने डोनाल्ड ट्रंप से अपना रिश्ता तोड़कर एक अलग पार्टी बनाने का फैसला भी कर लिया है। अमेरिका में तीसरी पार्टी बनाने का यह फैसला अमेरिकी इतिहास के लिए एकदम नया तथा अभूतपूर्व कदम है ।

अमेरिका ने जहां भारत से व्यापार वस्तुओं के आयात निर्यात पर 25% टैरिफ कर दिया है। वहीं दूसरी तरफ बांग्लादेश तथा पाकिस्तान पर मेहरबानी कर टैरिफ की दर एकदम कम कर दक्षिण एशिया में राजनीति उथल-पुथल के भी संकेत दे दिए हैं। इससे यह स्पष्ट है कि अमेरिका भारत की बढ़ती ताकत और रूस से परंपरागत दोस्ती की मजबूती से काफी विचलित भी हुआ है। अब भारत को इस संदर्भ में वेट एंड वॉच की नीति अपना कर वार्ता से नए समीकरण पैदा कर अमेरिका को अपनी शर्तें मनवाने का कूटनीतिक दौर चलाना होगा।

# पाक परमाणु ठिकानों को पल भर में मिट्टी में मिला देगी भारत की हाइपरसोनिक बंकर बस्टर मिसाइल

हाल ही में अमेरिका ने अपनी अत्याधुनिक बंकर बस्टर बम का उपयोग कर ईरान के भूमिगत परमाणु केंद्रों को निशाना बनाया था। इसने विश्व को यह दिखाया था कि अत्यधिक संरक्षित और गहराई में स्थित ठिकाने भी सुरक्षित नहीं हैं। इसी पृष्ठभूमि में भारत के रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) की हाइपरसोनिक मिसाइल पर काम करने की खबरें सामरिक हलकों में चर्चा का विषय बनी हुई हैं। हम आपको बता दें कि यह मिसाइल बंकर बस्टर वारहेड ले जाने में सक्षम होगी और गहरे भूमिगत ठिकानों को नष्ट कर सकेगी। यह खबर सामने आने के बाद से पाकिस्तान की चिंता बढ़ी हुई है क्योंकि उसके कई परमाणु प्रतिष्ठान भूमिगत बंकरों में स्थित हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि यह मिसाइल पाकिस्तान के परमाणु ठिकानों को आसानी से निशाना बना सकती है। देखा जाये तो भारत की यह उपलब्धि दक्षिण एशिया में सामरिक संतुलन को गहराई से प्रभावित कर सकती है।

बताया जा रहा है कि डीआरडीओ की यह नई मिसाइल भारत की अग्नि-५ बैलिस्टिक मिसाइल का संशोधित संस्करण हो सकती है। इसकी गति की बात करें तो यह हाइपरसोनिक है यानि ध्वनि की गति से पांच गुना अधिक से दौड़ेगी। यह पारंपरिक बंकर बस्टर है और लगभग 7,500 किलोग्राम का वारहेड ले जाने में सक्षम है। इसकी भेदन क्षमता 200 फीट तक भूमिगत प्रवेश कर विस्फोट करने की बताई जा रही है। इसकी रेंज लगभग 2,500 किलोमीटर होगी।

हम आपको बता दें कि भारत के पास अमेरिका या रूस की तरह महंगे स्टेल्थ बॉम्बर नहीं हैं। इसलिए मौजूदा लड़ाकू विमानों से बंकर बस्टर बम गिराना जोखिमपूर्ण होगा क्योंकि वे दुश्मन के राडार पर आ जाएंगे। परन्तु मिसाइल आधारित प्लेटफॉर्म भारत को सुरक्षित दूरी से गुप्त और सटीक हमले की क्षमता देगा। हम आपको यह भी बता दें कि भारत की यह मिसाइल क्षमता उसकी सामरिक बढ़त को काफी बढ़ा देगी। साथ ही इससे पाकिस्तान की न्यूक्लियर ब्लैकमेल रणनीति भी ध्वस्त हो जायेगी। इस मिसाइल के जरिये भारत सुरक्षित दूरी से दुश्मन के परमाणु ठिकानों को निशाना बना सकेगा। इस मिसाइल का विकास चीन पर भी एक रणनीतिक दबाव बनाएगा। जहां तक इस मिसाइल से पाकिस्तान की चिंता की बात है तो आपको बता दें कि पाकिस्तान की सामरिक मामलों की विशेषज्ञ राबिया अख्तर ने “डॉन” अखबार में लिखा है कि भारत का यह कदम “पारंपरिक और परमाणु रणनीति के बीच की रेखा को धुंधला कर सकता है।” पाकिस्तान का कहना है कि यदि भारत इस तरह की मिसाइलों का इस्तेमाल उसके परमाणु ठिकानों पर करता है, तो यह किसी भी दृष्टिकोण से परमाणु प्रथम-हमले जैसा लगेगा, भले ही वारहेड पारंपरिक ही क्यों न हो। राबिया अख्तर ने चेतावनी दी है कि किसी भी परमाणु-सशस्त्र देश के लिए यह मायने नहीं रखेगा कि वारहेड पारंपरिक है या परमाणु। यदि कोई हाई-स्पीड बैलिस्टिक मिसाइल उसके परमाणु प्रतिष्ठानों पर दागी जाती है, तो इसे परमाणु हमले की शुरूआत माना जाएगा। उन्होंने यह भी आशंका जताई कि ऐसी स्थिति में पाकिस्तान अपनी सामरिक या रणनीतिक परमाणु हथियारों का तुरंत इस्तेमाल कर सकता है।

हम आपको यह भी बता दें कि भारत ने हमेशा यह घोषित नीति अपनाई है कि वह परमाणु हथियारों का पहले उपयोग नहीं करेगा। लेकिन बंकर बस्टर मिसाइलें इस नीति के तहत नहीं आती हैं। क्योंकि एक ओर, ये पारंपरिक हथियार हैं और तकनीकी रूप से वह NFU यानि न्यूक्लियर फर्स्ट यूज नीति का उल्लंघन नहीं करते। दूसरी ओर, ये सीधे दुश्मन के परमाणु प्रतिष्ठानों को निशाना बना सकते हैं, जिससे प्रतिक्रिया में परमाणु युद्ध की संभावना बढ़ सकती है।

हम आपको यह भी बता दें कि भारत ने अपनी राष्ट्रीय सुरक्षा नीति के तहत हाल ही में चलाये गये ऑपरेशन सिंदूर के तहत यह तय कर दिया है कि भविष्य में किसी भी आतंकी हमले को युद्ध की कार्रवाई माना जाएगा। भारत की यह नीति आतंकवादियों और उन्हें समर्थन देने वाले देशों के बीच कोई अंतर नहीं करती है। इसलिए पाकिस्तान का डर स्वाभाविक है। हम आपको यह भी बता दें कि भारत और पाकिस्तान हर साल 1 जनवरी को अपने-अपने परमाणु प्रतिष्ठानों की सूची का आदान-प्रदान करते हैं। यह समझौता 31 दिसंबर 1988 को हस्ताक्षरित हुआ था, जो यह सुनिश्चित करता है कि कोई भी देश दूसरे के परमाणु प्रतिष्ठानों को नुकसान नहीं पहुँचाए। हालांकि इस तरह की खबरें हाल ही में सामने आई थीं कि भारत और पाकिस्तान के बीच मई महीने में हुए सैन्य संघर्ष के दौरान भारत ने पाकिस्तान की किराना हिल्स पर स्ट्राइक की थी। ऐसा दावा सामने आई सैटेलाइट तस्वीरों ने किया था। यह खुलासा अपने आप में इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि किराना हिल्स में ही पाकिस्तान के परमाणु बमों का ठिकाना माना जाता है। हालांकि यह भी माना जा रहा है कि भारत ने पाकिस्तान के परमाणु ठिकानों पर हमला उसके परमाणु हथियारों को नष्ट करने के उद्देश्य से नहीं बल्कि उसको चेतावनी देने के लिए किया था और इसके जरिये दुश्मन को साफ और स्पष्ट संदेश दिया था कि उसके परमाणु ठिकाने सुरक्षित नहीं हैं। बहरहाल, भारत की यह मिसाइल क्षमता न केवल उसकी सामरिक मारक क्षमता को बढ़ाएगी, बल्कि पाकिस्तान की न्यूक्लियर ब्लैकमेल नीति को भी चुनौती देगी। लेकिन इसके साथ ही यह दक्षिण एशिया में अस्थिरता और परमाणु संघर्ष के जोखिम को भी बढ़ा सकती है।

## यदुवंशी समाज सेवा संस्था के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रविन्द्र नाथ यादव का मनाया गया जन्मदिन



**भांडुप (उत्तरशक्ति)**। यदुवंशी समाज सेवा संस्था के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रविन्द्र नाथ यादव का जन्मदिन भांडुप (पश्चिम) शिवम पैराडाइज बिल्डिंग स्थित स्पीड फास्ट डिजिटल ब्रॉडबैंड केबल नेटवर्क कार्यालय पर हर्षोल्लास से केक काटकर मनाया गया। बताते चलें कि रविन्द्रनाथ यादव करीब ती दशकों से सामाजिक कार्यों में बढचढ कर अपनी भूमिका निभाते हुये समाज में अपनी एक अलग पहचान बनाई है। उनके कार्यों को देखते हुये यदुवंशी समाज सेवा संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष शशिकांत बलीराम यादव के नेतृत्व में राष्ट्रीय सचिव दीनानाथ यादव, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जयसिंह यादव, राष्ट्रीय सचिव लालबहादुर यादव (लालू), भांडुप जिलाध्यक्ष रामेश्वर यादव, भांडुप विधानसभा अध्यक्ष कमलेश यादव, प्रवक्ता कपिल यादव, हरेन्द्र यादव, प्रमोद यादव, वीरेन्द्र यादव, राम यादव, रामबदन यादव आदि यदुवंशी समाज सेवा के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## पालघर जिला परिषद द्वारा पत्रकारों के लिए विशेष स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित



**पालघर(उत्तरशक्ति)**। पालघर जिला परिषद के स्वास्थ्य विभाग की ओर से शनिवार 2 अगस्त को पत्रकारों के लिए विशेष स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। यह शिविर सुबह 8:30 बजे जिला परिषद भवन के कक्ष क्रमांक 116 में प्रारंभ हुआ। इस उपक्रम के अंतर्गत प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया से जुड़े कई पत्रकारों ने हृदयविकार, मधुमेह, रक्तदाब, हिमोग्लोबिन, ईसीजी, बीएमआई जैसी आधुनिक और महत्वपूर्ण जांचें निःशुल्क करवाईं। इसके अलावा विशेषज्ञ डॉक्टरों एवं आहारतज्ञों ने पत्रकारों को उनके व्यक्तिगत स्वास्थ्य से संबंधित महत्वपूर्ण मार्गदर्शन भी प्रदान किया। शिविर के पश्चात उपस्थित पत्रकारों के लिए चाय और नाश्ते की भी व्यवस्था की गई थी, जिससे एक सौहार्दपूर्ण वातावरण निर्मित हुआ। इस अवसर पर जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संतोष चौधरी, अतिरिक्त जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शशिकांत सालुंखे, तथा अन्य स्वास्थ्य अधिकारी और कर्मचारीगण भी उपस्थित रहे। डॉ. संतोष चौधरी ने इस अवसर पर कहा, ?पत्रकार बंधु दिनरात समाज के लिए कार्यरत रहते हैं। ऐसे में उनके स्वास्थ्य की देखभाल करना भी समाज की जिम्मेदारी है।? इस उपक्रम की पत्रकारों ने सराहना करते हुए भविष्य में ऐसे स्वास्थ्य शिविरों का और भी व्यापक स्तर पर आयोजन करने की मांग की है।

## ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा ने किया देशभक्ति गीत जय हिन्द जय हिन्द की सेना का लोकार्पण



भारतीय सेना के ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर एक जोशीला गीत तैयार किया गया है। इस गीत के जरिये आशुतोष पांडे ने सिर्फ सेना व देशवासियों का मनोबल बढ़ाया है बल्कि पाकिस्तान व भारत के दुश्मनों को सीधी चेतावनी है कि भारत का बुरा सोचने वालो को मिट्टी में मिला दिया जाएगा। ये 21वीं सदी का भारत है जवाब देना अच्छे से जानते है। गीत में देशभक्ति व राष्ट्रसेवा का अनूठा संगम देखने को मिलता है। शनिवार को इस बेहतरीन गीत को बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा द्वारा लांच किया गया। मौके पर उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा ने आशुतोष पाण्डेय एवम गीत से जुड़े तमाम लोगो को बधाई दी है व अपने संबोधन में कहा कि ये हमारे शहीदों व आतंकियों द्वारा मारे निर्दोष भारतीयों को सच्ची श्रद्धांजलि है। गीत के निमार्ता व गीतकार हैं आशुतोष पांडे ने प्रेस वार्ता में मीडियो को संबोधित करते हुए कहा की पहलगाम हमला और ऑपरेशन सिंदूर ने मुझे अन्दर तक प्रभावित किया जिसके फलस्वरूप अपनी भावनाओं को उजागर करते मैंने अपनी भावना को एक गीत में तब्दील कर दिया व इस गीत को बनाने के पीछे का मुख्य उद्देश्य सेना का मनोबल बढ़ाना है,लोगों में देश प्रेम जगाना है और पाकिस्तान तक आवाज पहुंचना है, ताकि वह यह जान ले कि अब भारत पहले का भारत नहीं रहा अब हम घर में घुसके मारते हैं.

## सैमसंग और स्टार्टअप इंडिया ने भारत की अगली पीढ़ी के इनोवेटर्स को सशक्त बनाने के लिए साझेदारी की

**मुंबई/पटना**। भारत के सबसे बड़े कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड सैमसंग ने भारत सरकार की प्रमुख पहल स्टार्टअप इंडिया के साथ एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किया है। इसका मकसद भारत के दूरदराज के क्षेत्रों से युवा इनोवेटर्स को सशक्त बनाना और सैमसंग सॉल्व फॉर टुमॉरो के माध्यम से देश के स्टार्टअप इकोसिस्टम को मजबूत करना है। नई दिल्ली में इस अनुबंध पर हस्ताक्षर किए गए। यह साझेदारी सैमसंग के प्रमुख नवाचार कार्यक्रम 'सॉल्व फॉर टुमॉरो' और स्टार्टअप इंडिया के मजबूत राष्ट्रीय इकोसिस्टम – जिसमें इन्क्यूबेशन, मार्गदर्शन और नीतिगत सहयोग शामिल है – को एक मंच पर लाती है। इसका उद्देश्य खासतौर पर टियर 2 और टियर 3 शहरों से उभरती प्रतिभाओं की पहचान करना और उन्हें जरूरी ढांचा, विशेषज्ञों का मार्गदर्शन, बाजार से जुड़ाव और फंडिंग के अवसर प्रदान करके आगे बढ़ाना है।

# बोईसर-पालघर पत्रकार संघ द्वारा आयोजित वृक्षारोपण व पाठ्य सामग्री वितरण कार्यक्रम संपन्न

**पालघर(उत्तरशक्ति/अजीत सिंह)**। समाजसेवा, पर्यावरण संरक्षण एवं शिक्षा के क्षेत्र में सक्रिय बोईसर-पालघर पत्रकार संघ द्वारा शुक्रवार को जिला परिषद प्राथमिक विद्यालय, खुताड़पाड़ा (केंद्र चहाड़े) में एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को पाठ्य सामग्री और छतरियों का वितरण किया गया, साथ ही स्कूल परिसर में वृक्षारोपण कर पर्यावरण सुरक्षा का संदेश भी दिया गया।

इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित सेवानिवृत्त पुलिस उपाधीक्षक के.एस. हेगाजे ने छात्रों को शिक्षा का महत्व बताते हुए उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने पत्रकार संघ की इस पहल को समाज के लिए प्रेरणादायक बताया। विशेष अतिथि गोपाल पाटील (सरकारी कामगार अधिकारी, पालघर) ने वृक्षारोपण को पर्यावरण जागरूकता का सशक्त माध्यम बताया और अधिक से अधिक पौधे लगाने की अपील की। उन्होंने पत्रकारों के सामाजिक उत्तरदायित्व की सराहना की। राजेश अधिकारी, (पूर्व पंचायत समिति सदस्य व उपाध्यक्ष, श्रीराम शैक्षणिक संस्था) ने ग्रामीण क्षेत्रों में पत्रकारों की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्हें ईमानदारी से काम करते हुए सरकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में सहयोग करना चाहिए। उन्होंने निर्भीक एवं निष्पक्ष पत्रकारिता की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम की शुरूआत में पुलवामा आतंकी हमले के शहीदों, गुजरात विमान हादसे के मृतकों तथा ?पालघर की आवाज? के दिवंगत संपादक के.वी. नारायणन को दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। गिरनोली ग्राम पंचायत की सरपंच प्रतिभा माली ने पत्रकार संघ के प्रयासों की सराहना करते हुए भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रमों के आयोजन की अपील की। पालघर अग्निशमन विभाग के लीडिंग फायरमैन जयेश भोईर ने विद्यार्थियों को प्राथमिक अग्निशमन उपायों का प्रशिक्षण व प्रत्यक्ष प्रदर्शन किया। पत्रकार संघ के महासचिव मोहन म्हात्रे ने संघ की सामाजिक गतिविधियों की जानकारी दी। कार्यक्रम का सुत्र संचालन महाराष्ट्र शासन द्वारा सम्मानित आदर्श शिक्षक पुरस्कार प्राप्त प्रा. संजय घरत ने किया। विद्यालय की शिक्षिकाएं प्रीतम वर्तक एवं सुवर्णा धनु ने पुष्पगुच्छ और पेन भेंट कर अतिथियों का स्वागत किया। मुख्याध्यापिका स्मिता तरवाल ने विद्यालय में कार्यक्रम आयोजित करने हेतु पत्रकार संघ व उपस्थित मान्यवरों के प्रति आभार व्यक्त किया। पत्रकार संघ के अध्यक्ष रामप्रकाश निराला ने सभी सहभागियों का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी जनों का धन्यवाद किया। इस अवसर पर स्कूल व्यवस्थापन समिती की अध्यक्षा नमिता माली, ग्राम पंचायत सदस्य कमला जाधव व जगदीश धापसी, बोईसर ग्राम पंचायत के पूर्व सरपंच काशीराम वलवी, महिला कांग्रेस महासचिव जयंती महतो, राष्ट्रीय हिंदू सेवा संघ के रोहित सिंह, जगत भारती के संपादक व प्रिंट एंड इलेक्ट्रॉनिक मीडिया एसोसिएशन के अध्यक्ष आशाद बन्ने शेख, पत्रकार संघ के अन्य पदाधिकारी व सदस्य तथा अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। कार्यक्रम में विद्यालय के विद्यार्थियों ने लेजिम व तारपा नृत्य की प्रस्तुति देकर आगंतुकों का स्वागत किया, जिससे उपस्थित सभी लोगों ने खूब सराहना की।





## श्री सिद्धिविनायक मंदिर में श्री जी के दर्शन का सौभाग्य मिला : प्रभाकर शुक्ल



**मुंबई (उत्तरशक्ति)**। लोकाधिकार सेवा समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं श्री रामलीला उत्सव समिति विक्रोली पार्कसाईट के अध्यक्ष प्रभाकर शुक्ल चंद्रशेखर शुक्ल रिंकू ने मुंबई के दादर प्रभादेवी स्थित प्रसिद्ध सिद्धपीठ श्री सिद्धिविनायक मंदिर में विराजमान श्री गणपति बप्पा श्रीजी का दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया तत्पश्चात मंदिर के कोषाध्यक्ष आचार्य पवन त्रिपाठी से स्नेहिल मुलाकात कर शाल ओढ़ा कर उनका स्वागत किए तथा त्रिपाठी ने रिंकू शुक्ल को श्री सिद्धिविनायक डायरी भेंट किए।

और इसी कड़ी में मंदिर ट्रस्टी सुदर्शन सांगले का भी स्वागत किया गया। इस अवसर पर उत्तम भाई, जितेंद्र सिंह, विशेष कार्यकारी अधिकारी महाराष्ट्र शासन व पत्रकार आदेश मिश्र उपस्थित थे।

# पुरुषोत्तमदास एच. पुरोहित पर डाक टिकट जारी

**मुंबई(उत्तरशक्ति)**। राजस्थान के राज्यपाल महामहिम हरिभाऊ बागड़े ने मूलतः: राजस्थान के लेकिन महाराष्ट्र की धरती पर व्यवसाय के अलावा समाजसेवा के क्षेत्र में अपनी छाप छोड़नेवाले श्री पुरुषोत्तमदास पुरोहित के नाम से जारी डाक टिकट का आज मुम्बई में विमोचन किया। इस कार्यक्रम में महाराष्ट्र विधानसभा के अध्यक्ष राहुल नार्वेकर, राज्यसभा सदस्य डॉ. भागवत कराड और पोस्ट मास्टर जनरल (नवी मुंबई) सुचिता जोशी भी शरीक हुईं। इसी समारोह में पुरुषोत्तमदास पुरोहित पर लिखी जाने वाली पुस्तक ॡआदर्श मानवः पुरुषोत्तमदास पुरोहितॡ के आवरण चित्र का भी विमोचन किया गया।

भारत के राष्ट्र निर्माण में राजस्थान के लोगों के सबसे बड़े योगदान को रेखांकित करते हुए महामहिम ने कहा कि पुरुषोत्तमदास पुरोहित एक ऐसे कर्मयोगी थे जिसने मुंबई में व्यवसाय में सफलता के पैमाने को हर स्वरूप में समाज के सर्वांगीण विकास के साथ जोड़ा और स्वतंत्रता संग्राम का एक अदद सिपाही होने बावजूद अपनी भूमिका का प्रचार और प्रसार करने से बचते रहे। वे सफल व्यवसायी होने के साथ समाज के सच्चे जननायक भी थे और भारत सरकार ने आज डाक टिकट निकालकर उनके योगदान को अमर कर दिया। नार्वेकर ने दक्षिण मुम्बई के इस युगपुरुष की जीवनी को ध्रुव तारे के संज्ञा देते हुए कहा कि समाज ऐसे ही लोगों की वजह से बनता है। इनकी मिसाल जमाना सदियों तक देता रहेगा। पूर्व मंत्री राज के. पुरोहित और वरिष्ठ काँग्रेस नेता ने सभा को संबोधित कर पुरुषोत्तमदास के गुणों के बारे में लोगों का ध्यान आकर्षित किया। उनके पुत्रों विनोद और जगदीश पुरोहित ने अपने पिता के समाज के प्रति सेवा की लगन और जुनून को याद करते हुए विश्वास दिलाया कि वे उनके काम की मशाल को बहुत आगे ले जाएंगे। पुत्र घनश्याम ने इस सम्मान के लिए भारतीय डाकतार विभाग को विशेष धन्यवाद दिया। उनकी पोती हीना पुरोहित और आर जे राजेश पुरोहित ने मंचका संचालन किया और पड-पोते देव सनम पुरोहित ने भी आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम की सुरुआत गणेश व पितृ वंदना पं. महेश पैठणे द्वारा प्रस्तुत कि गई। कार्यक्रम मे मारवाड़ के प्रमुख भामाशाह नरेश पुरोहित खींदारा गांव, दिलीप राजपुरोहित, हिम्मत सिंह चाचौड़ी, डॉक्टर शोभा पुरोहित, राधा पुरोहित, अजय राज पोसींत्रा, बाबूसिंह राजगुरु, लाभशंकर लादूनगर, जगदीशसिंह घेनड़ी, सुरेश शिवतलाव, प्रकाशसिंह बारवा, नितेश सिंह ढोला, सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।




## भावना शर्मा जैन कांग्रेस की निष्ठावान सिपाही है: हर्षवर्धन सपकाल



**मुंबई (उत्तरशक्ति)**। महाराष्ट्र कांग्रेस अध्यक्ष हर्षवर्धन सपकाल ने आज दादर के तिलक भवन स्थित प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में, महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस की नवनियुक्त महासचिव बनाए जाने पर भावना शर्मा जैन का अभिनंदन किया। हर्षवर्धन सपकाल ने कहा कि भावना शर्मा जैन पार्टी के प्रति हमेशा वफादार और समर्पित रहीं है। विषम परिस्थितियों में भी इन्होंने कांग्रेस का साथ नहीं छोड़ा। यही कारण है कि पार्टी ने इन्हें प्रदेश महासचिव की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी है। सपकाल ने कहा कि भावना जैन १८ साल पहले जब यूथ कांग्रेस में थी, तब मेरे साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम किया। 2017 के गुजरात इलेक्शन में भी राहुल गांधी की टीम के तौर पर गुजरात के इलेक्शन में इन्होंने पार्टी को मजबूत करने तथा राहुल गांधी के हर इलेक्शन कैंपेन में महत्वपूर्ण योगदान दिया। महाराष्ट्र कांग्रेस मे हुई नई नियुक्ति में सभी वर्गों का ख्याल रखा है सभी समाज को पार्टी और पद में सम्मान दिया है खासकर उत्तर भारतीय समाज को इस बार पार्टी ने महत्वपूर्ण पदों की जिम्मेदारी दी है। भावना शर्मा जैन ने कहा कि हमने हमेशा लोगों के बीच पार्टी में कार्यकर्ता की तरह हमने काम किया है और दी गई जिम्मेदारी का निर्वहन वे पूरे मनोयोग और समर्पण के साथ करेंगी। ज्ञातव्य हो कि भावना शर्मा जैन मुंबई कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और पूर्व केंद्रीय मंत्री स्वर्गीय गुरूदास कामत की करीबी मानी जाती रही है। वह उन्हें अपना राजनीतिक गुरु मानती थी तथा उन्हीं के मार्गदर्शन में इन्होंने राजनीति में अपनी विशेष पहचान बनाई।

## एनडीआरएफ एवं अग्निशमन दल ने मास्टर प्रशिक्षार्थियों को आपदा प्रबंधन का दिया प्रशिक्षण



**पालघर(उत्तरशक्ति)**। केंद्र व महाराष्ट्र राज्य सरकार के गृह विभाग (विशेष) के निदेर्शानुसार तारापुर-पालघर नागरी संरक्षण दल द्वारा आयोजित सात दिवसीय मास्टर प्रशिक्षण शिविर के तीसरे बैच का प्रशिक्षण जारी है। शिविर के तीसरे और चौथे दिन राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) और अग्निशमन विभाग की ओर से विशेष प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया गया। प्रशिक्षण के दौरान आपदा की स्थिति में तत्काल प्रतिक्रिया, बचाव तकनीक, आग लगने पर की जाने वाली प्राथमिक कार्रवाई, राहत एवं पुनर्वास प्रक्रिया जैसी महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं। एनडीआरएफ की टीम में कमांडर इंस्पेक्टर सुरेंद्र कुमार, एआईएस कमल सिंह, एचसी मूर्ति बी.आर. व मुन्नू मणिकंदन, कांस्टेबल सचिन शेलके, प्रतीक पवार, राजाराम परमार, ज्ञानदेव जाधव, अमोल मकासरे, अविनाश गायकवाड, संदीप खेड़कर व कृष्णा तलवार शामिल रहे। तारापुर एमआईडीसी अग्निशमन दल से विभाग प्रमुख पाटील व उनकी टीम ने भी अग्नि सुरक्षा से संबंधित व्यवहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया। इस अवसर पर पालघर जिला नागरी संरक्षण दल के उपनियंत्रक काशीनाथ कुरकुटे, बोईसर विधानसभा के विभागीय अधिकारी नरेश महस्के, पालघर विधानसभा के विभागीय अधिकारी निलेश वझे, मानसेवी अधिकारी भूपेंद्र मिश्रा, पूर्व मानसेवी अधिकारी रविंद्र माछी, मास्टर ट्रेनर सुवर्णा महामुनि और धनश्री जेना, अन्य मास्टर ट्रेनर एवं प्रशिक्षणार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण से प्राप्त ज्ञान को वास्तविक परिस्थितियों में उपयोगी बताते हुए एनडीआरएफ और अग्निशमन दल का आभार व्यक्त किया।

## आत्मनिर्भर चाय स्टॉल से युवाओं को मिल रहा रोजगार




**मुंबई (उत्तरशक्ति)**। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आत्मनिर्भर भारत की अवधारणा से प्रेरित आत्मनिर्भर चाय स्टाल का उद्घाटन वर्ली स्थित पुलिस कैंप में किया गया।

आत्मनिर्भर चाय स्टाल के संकल्पनाकार बीजेपी ओबीसी मोर्चा मुंबई अध्यक्ष नरेंद्र गावकर ने कहा कि रोजगार के नए अवसरों के सृजन से बेरोजगारी से जूझते युवा शक्ति को अपनी बुद्धि और कौशल को प्रदर्शित करने का अवसर मिल रहा है। उन्होंने कहा कि भारत सरकार की मुद्रा लोन योजना के तहत मुंबई में विभिन्न स्थानों पर 80 युवाओं को स्वरोजगार के लिए आत्मनिर्भर चाय स्टाल लगाए गए हैं।

इससे जुड़े परिवारों को आजीविका का साधन मिलने से उनका जीवन आसान हुआ है। आत्मनिर्भर चाय स्टाल युवाओं के लिए उम्मीद की किरण है।

मुद्रा लोन योजना के अंतर्गत आत्मनिर्भर चाय स्टाल से युवा स्वरोजगार की ओर आगे बढ़ रहे है लेकिन बीएमसी स्टॉल चलाने वाले लोगों को परेशान कर रही है। बीजेपी मुंबई सचिव प्रतिक कर्पे ने कहा कि आत्मनिर्भरता से सभी क्षेत्रों में विकास की संभावना बनी हुई है। इस अवसर पर बीजेपी दक्षिण मुंबई जिला अध्यक्ष शलाका सालवी, बीजेपी नेता सचिन शिंदे, दीपक सावंत, गंगाराम विश्वकर्मा, जितेंद्र कन्नौजिया, मयूर कदम आदि उपस्थित रहे।

## कमलादेवी महाविद्यालय में एक अविस्मरणीय कार्यक्रम का आयोजन



**कल्याण (उत्तरशक्ति)**। कमलादेवी शिक्षण संस्था द्वारा संचालित कमलादेवी महाविद्यालय में एक अविस्मरणीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें विश्वविख्यात उत्कृष्ट दृष्टिभ्रमकार तथा भ्रमनिर्मितिकार सतीश देशमुख ने महाविद्यालय के छात्रों और अध्यापकों के साथ एक सुनहरा अवसर साझा किया। यह कार्यक्रम उनकी अद्भुत कला और ज्ञान का एक बेजोड़ प्रदर्शन था।

कार्यक्रम की शुरूआत सुबह 11:00 बजे महाविद्यालय के प्रांगण में हुई, जहाँ उत्साह और उत्सुकता का माहौल था। इस गरिमामय आयोजन की अध्यक्षता कमलादेवी शिक्षण संस्था के अध्यक्ष सदानंद तिवारी ने की। उनके साथ संस्था की सचिव नीलम तिवारी और संस्था की खजांची श्वेता पांडे भी उपस्थित थीं, जिन्होंने अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक रूप से मान्यवरों द्वारा सरस्वती पूजा के साथ किया गया, जिससे वातावरण में सकारात्मक ऊर्जा का संचार हुआ।

सतीश देशमुख, जो अपनी श्रेष्ठ भ्रमनिर्मिति के लिए जाने जाते हैं, ने विभिन्न प्रयोगों की सहायता से आज के कार्यक्रम को उन्होंने उत्कृष्ट बनाया। उनके हर प्रदर्शन ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। उन्होंने अपनी कला का प्रदर्शन करते हुए सबसे पहले कई छात्रों तथा शिक्षकों को कुछ शब्द पढ़ने के लिए दिए और बिना देखे ही उन्हें उन शब्दों के बारे में सटीक जानकारी दी, जिससे सभी हतप्रभ रह गए। यह उनके असाधारण अवलोकन और अनुमान लगाने की क्षमता का प्रमाण था। इसके बाद, उन्होंने फेस रीडिंग (मुख पठन) की, जहाँ उन्होंने कुछ व्यक्तियों के चेहरे के हाव-भाव और विशेषताओं के आधार पर उनके व्यक्तित्व और विचारों का विश्लेषण किया। यह प्रदर्शन विशेष रूप से आकर्षक था क्योंकि इसने मनोविज्ञान और भ्रम कला के अद्भुत संगम को दशार्या।

## शिक्षा संबल से सपने होंगे सच

**मुंबई/पटना**। एलएन माहेश्वरी परमार्थ न्यास एवं एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट प्राइवेट लिमिटेड के संयुक्त तत्वावधान में शिक्षा संबल योजना के बैच का ओरियंटेशन बुधवार को हुआ। इस योजना का यह दूसरा वर्ष है। इस वर्ष भी 126 विद्यार्थियों का परीक्षा के माध्यम से चयन किया गया है। कार्यक्रम में ये विद्यार्थी अपने परिजनों के साथ मौजूद रहे। बारां रोड नया नोहरा स्थित एलन सुपथ कैम्पस के सुहास सभागार में विद्यार्थियों व उनके अभिभावकों का स्वागत किया गया। विद्यार्थियों को किट बैग व पुस्तकें प्रदान की गई।

योजना के अंतर्गत एलन की ओर से नीट-2026 के लिए 100 प्रतिशत स्कॉलरशिप पर निशुल्क शिक्षा एवं एल एन माहेश्वरी परमार्थ न्यास की ओर से निशुल्क आवास व भोजन की व्यवस्था की गई है। योजना में शामिल होने के लिए देश के कई राज्यों के विद्यार्थी अपने परिजनों के साथ कोटा पहुंचे। इनमें मुख्यतः राजस्थान, बिहार, उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखंड और उत्तराखंड से हैं।

**उत्तरशक्ति**
* संपादकः ओमप्रकाश प्रजापति
* उप संपादकः प्रेम चंद मिश्रा
*प्रबंध संपादकः डा. शेषधर बिन्द
उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है।
**पत्राचार कार्यालय :**
उत्तरशक्ति (हिंदी दैनिक)
मुंबई-पूणे मोटर मालक श्रमजीवन प्रिमायसेस को.सो., बी-5, ए-337 ट्रक टर्मिनल डब्लू.टी.टी. रोड, आर.टी.ओ. जवल ऑटाफ हिल वडाला, मुंबई-37
मो.- 9554493941
email ID- uttarshaktinews@gmail.com




**स्वामीः शरद फागूराम प्रजापति, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक ओमप्रकाश रविंद्रनाथ प्रजापति** द्वारा सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, यूनिट क्रमांक 4, तल मजला, एन.के. इंडस्ट्रियल स्टेट, आरे रोड, प्रवासी इंडस्ट्रियल एस्टेट, जवल, गेट क्रमांक 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई-400063, महाराष्ट्र से मुदित एवं के-4, रूम नं. 8, ग्राउंड फ्लोर न्यू समता सहकारी को.ऑ. हां. सोसाइटी, एमएमआरडीए कॉलोनी कंजूरमार्ग (वेस्ट), जिला मुंबई- 400078, महाराष्ट्र से प्रकाशित। RNI NO. MAHHIN/2018/76092 * **संपादक- ओमप्रकाश रविंद्रनाथ प्रजापति**, समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के लिए उत्तरदाई तथा इससे उत्पन्न समस्त विवाद मुंबई न्यायालय के अधीन होंगे।
**पत्राचार कार्यालयः** मुंबई-पूणे मोटर मालक श्रमजीवन प्रिमायसेस को.सो., बी-5 ए-337 ट्रैक टर्मिनल, डब्लू.टी.टी. रोड, आर.टी.ओ. जवल, ऑटाफ हिल, वडाला मुंबई -37, **मो.- 9554493941 email ID- uttarshaktinews@gmail.com**

# शाहगंज गोली कांड में हुई मौत की जांच करने पहुचे एसपी

शाहगंज,जौनपुर(उत्तरशक्ति)। नगर के मिल्लत नगर में 18 जुलाई को हुये गोली कांड की घटना को संज्ञान मे लेते हुए पुलिस अधीक्षक डाक्टर कौस्तुभ शुक्रवार शाम को घटना स्थल पहुंच जांच की। तंदुपरांत कोतवाली पहुंचकर घटना मे संलिप्त संदिग्ध व्यक्तियों व चिकित्सकों से पूछताछ की। पूछताछ तकरीबन डेढ घंटा करने के बाद निकल गये। जब तक कप्तान कोतवाली में रहें कर्मियों की जान अटका रहा। मालूम रहे उसरहटा गांव निवासी पीडित अफजल खान के दोनो बेटे अफान खान व अयान खान अपने ननिहाल आजमगढ़ जनपद के अम्बारी थाना क्षेत्र के कुशहा गांव गए थे। वहां से बीते 18 जुलाई 2025 को मामा अतिकुर्रहमान अपने दोनो भांजे अफान व अयान को साथ लेकर घर पहुंचाने आ रहा था। रास्ते मे नगर स्थित मिल्लत नगर मे अतिकुर्रहमान के मौसा फैजान के घर दोनो भांजे को लेकर चला गया। वहीं पर पहले से मौजूद फैजान का भांजा आदिल ने अफान व अयान को पकडकर कमरे के अंदर लेकर जाने लगा। किसी तरह अफान अंदर जाने से मना किया तो अयान को घर के अंदर ले गया। वहां पर पहले से मौजूद फैजान का बेटा अब्दुल रहमान ने आदिल को ललकारते हुए कहा कि पिता का आदेश है कि अयान के गोली मार दो। और आदिल ने गोली मार दिया। मौके पर गोली की आवाज सुनकर पहुंचे घर के अन्य लोगो ने उपचार के लिए घायल को एक निजी अस्पताल में ले गये। वहा जवाब मिलने पर आरोपियों एक अस्पताल में अपने मित्र चिकित्सक के यहा भर्ती कराया। पीड़ित के पिता अफजल का आरोप है कि घटना के बाद मेरे बेटे अयान को अस्पताल मे भर्ती कराने के बाद आरोपियों ने घटना की जानकारी दी।

**घटना मे एक चिकित्सक की संदिग्ध भूमिका पर उठा सवाल**

घटना की सूचना मिलते ही पीडित परिवार उक्त अस्पताल में पहुंचा और अपने बेटे को एक अच्छे अस्पताल मे इलाज कराने के लिए चिकित्सक से डिस्चार्ज करने को कहा। आरोप है कि चिकित्सक ने घायल का इलाज न करके 14 घंटे तक अस्पताल मे रखा। उसके बाद वाराणसी स्थित एक हास्पिटल मे रेफर कर दिया। घटना की जानकारी पुलिस को नही देने की बात कही। घबराते हुए पीडित ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दो नामजद तीन अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच में जुटी हुई थी। कि मृतक के पिता ने बताया कि घटना के तेरह दीन बीत जाने के बाद भी पुलिस आरोपियों को नही पकड सकी। और शुक्रवार को शूटर आदिल कोर्ट मे हाजिर हो गया।

घटना का मास्टरमाइंड फैजान समेत अन्य लोग पुलिस की पकड से दूर है। घटना मे चिकित्सकों की भूमिका संदिग्ध होने की वजह से तीन चिकित्सक पुलिस हिरासत में लेकर पूछताछ मे जुटी। इस संबंध में पूछे जाने पर पुलिस अधीक्षक डाक्टर कौस्तुभ ने कुछ भी बोलने से इनकार कर दिया।

# मुंगराबादशाहपुर नगर पालिका को प्रदेश की टाप टेन सूची में शामिल कराना हमारा लक्ष्यः कपिल मुनि

**नगर पालिका अध्यक्ष ने दो साल में ही सड़क, नाला, रोड लाइटों से सजाकर कर दिया सभी वार्डो का कायाकल्प**

मुंगराबादशाहपुर,जौनपुर (उत्तरशक्ति)। आज के ठीक दो साल पहले शक्ति पीठ मां काली जी मंदिर के दरबार में अपने नवनिर्वाचित 25 सभासदों के साथ नगर पालिका क्षेत्र के कायाकल्प करने की अपनी कल्पनाओं के साथ शपथ ग्रहण करने वाले चेयरमैन कपिल मुनि उमर वैश्य ने अपने दो साल के कार्यकाल में न केवल अपने चुनावी वादों को पूरा कर दिया बल्कि नगर पालिका क्षेत्र में सड़कों, नालियों, नालों के साथ ही रोड लाइटें लगवाकर नगर को सजा दिया। अपने दो साल का कार्यकाल पूरा करने के बाद शुक्रवार को अपने आवास पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए नगर पालिका अध्यक्ष कपिल मुनि उमर वैश्य ने बताया कि चुनाव के दौरान हमने मतदाताओं से जो वादे किए थे उसे दो साल के पहले ही पूरा कर दिया। उन्होंने बताया कि नगर पालिका क्षेत्र में शामिल होने वाले गांवों में विशेष अभियान चला कर सड़क नाली,रोड लाइट लगवाने का कार्य किया गया। नगर से सटे हुए दौलतिया हनुमान जी मंदिर तक रोड लाइटें लगवाई गई। उन्होंने बताया कि नगर पालिका क्षेत्र में स्थित तालाबों का सौन्दर्यीकरण कराया जा रहा है। दक्षिणमुखी श्री हनुमान जी स्वामी मंदिर परिसर का कायाकल्प कराने का शुभारम्भ कर दिया गया है। आवारा गौवंश की सुविधा हेतु लगभग 1.65 करोड़ की लागत से कान्हा गौशाला का निर्माण कार्य भी शुरू करा दिया है। लोगों द्वारा विकास पुरुष की संज्ञा से विभूषित किए जाने वाले चेयरमैन कपिल मुनि उमर वैश्य ने कहा कि अपने दो साल के कार्यकाल में ही अपने चुनावी वादों को पूरा कर दिया गया है, बाकी बचे तीन साल के कार्यकाल में मुंगराबादशाहपुर नगर पालिका को



प्रदेश की नगर पालिकाओं की टाप टेन सूची में नाम शामिल कराने का लक्ष्य हासिल करने का अभियान शुरू कर दिया गया है। उन्होंने सभासदों के सहयोग की चर्चा करते हुए कहा कि बोर्ड के सभी सदस्य दलीय राजनीति से ऊपर उठकर नगर के सर्वांगीण विकास हेतु अपना अमूल्य योगदान दे रहे हैं। उन्होंने नगर पालिका प्रशासन के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि नगर पालिका के सभी कर्मचारी अपने दायित्वों का निर्वहन कर रहे हैं। उन्होंने क्षेत्रीय प्रबुद्धजनों एवं मतदाताओं से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि लोगों की समस्यायों का त्वरित निराकरण कराने हेतु नगर पालिका प्रशासन कटिबद्ध है।

# महिला पत्रवाहक ने बीडीओ समेत तीन अधिकारियों पर लगाए गंभीर आरोप, डीएम ने बैठाई जांच

**बक्शा ब्लॉक में भूचालः घटना क्रम ने मचाया तहलका**

जौनपुर। बक्शा ब्लॉक मुख्यालय पर उस समय हड़कंप मच गया जब जिलाधिकारी के आदेश पर गठित जांच टीम शुक्रवार को एक महिला पत्रवाहक की गंभीर शिकायत की पड़ताल करने पहुंची। महिला ने खंड विकास अधिकारी (बीडीओ), सहायक विकास अधिकारी और लेखाकार पर अनैतिक मांग करने और अभद्र व्यवहार करने का सनसनीखेज आरोप लगाया है। डीएम को दिए गए प्रार्थना पत्र में महिला ने दावा किया है कि अनुचित मांग पूरी न करने पर उसे मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा है। उसके साथ बार-बार अशोभनीय टिप्पणी की जा रही है और बेवजह उसे परेशान किया जा रहा है। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए जिलाधिकारी ने जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी एवं जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी को संयुक्त रूप से जांच अधिकारी नियुक्त किया। शुक्रवार को ये दोनों अधिकारी ब्लॉक मुख्यालय पहुंचे और उन्होंने शिकायतकर्ता महिला, खंड विकास अधिकारी, एडीओ (आईएसबी) प्रदीप श्रीवास्तव और लेखाकार के बयान दर्ज किए।

**अनैतिक मांग, अभद्रता और उत्पीड़न का लगाया आरोप**

**जांच अधिकारियों के पहुंचते ही ब्लॉक परिसर में खलबली**

हालांकि खंड विकास अधिकारी ने खुद पर लगे आरोपों को बेबुनियाद और दुर्भावनापूर्ण बताया है। वहीं जांच अधिकारियों की उपस्थिति और कार्रवाई को लेकर ब्लॉक परिसर में दिनभर तरह-तरह की चर्चाएं गर्म रहीं। अब निगाहें जांच रिपोर्ट पर टिकी हैं जिसके आधार पर दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की उम्मीद जताई जा रही है। प्रशासनिक गलियारे में इस पूरे घटनाक्रम ने तहलका मचा दिया है।

# राष्ट्रपति 15 अगस्त को दिव्यांग शुभ लाल को करेंगी सम्मानित

मुंगराबादशाहपुर,जौनपुर (उत्तरशक्ति)। स्थानीय क्षेत्र के रामपुर गांव के निवासी दिव्यांग शुभ लाल सरोज 15 अगस्त को राष्ट्रपति से सम्मानित होंगे। इस संबंध में राष्ट्रपति भवन से आया निमंत्रण पत्र डाक की ओर से उनके



आवास पर पहुंचाया गया। इस आमंत्रण पत्र को पाते ही वह परिवार सहित गांव के लोग गदगद हो गए। क्षेत्र की जनता ने इसके लिए राष्ट्रपति व प्रधानमंत्री के प्रति भी शुभकामनाएं व्यक्त किया। दिव्यांग शुभ लाल सरोज ने बताया कि यह पत्र केवल हमारे सम्मान के लिए नहीं बल्कि क्षेत्र का मान सम्मान बढ़ाने के लिए है। निष्ठा व लगन के साथ किया काम निरर्थक नहीं जाता है बताया कि हम हमेशा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के मन की बात कार्यक्रम को ध्यान पूर्वक सुनते है। उसी की प्रेरणा से हमने कई सुझाव भारत सरकार को भेजा है। हमारे सुझावों को वहां पर स्वीकार भी किया गया है।

# दर्दनाक हादसे में मां-बेटे की मौत पर कांग्रेस पार्टी ने जताया शोक

**मुसहर परिवार से मिलकर दिया हर संभव मदद का भरोसा, नम आंखों से दी गई श्रद्धांजलि**

केराकत,जौनपुर (उत्तरशक्ति)। क्षेत्र के ग्राम सभा उत्तर गांवा में हाई टेंशन तार की चपेट में आने से मुसहर परिवार के मजदूर मां बेटे की दर्दनाक मौत हो गई। जिसकी जानकारी होने पर कांग्रेस पार्टी के जिला अध्यक्ष के निर्देश पर कांग्रेस पार्टी के एक प्रतिनिधि मंडल ने पीड़ित परिवार से मिलकर शोक संवेदना प्रकट की।

कांग्रेस पार्टी के जिला उपाध्यक्ष डाक्टर संतोष कुमार गिरि के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल ने मृत आत्मा को नम आंखों से श्रद्धांजलि अर्पित की।



पीड़ित परिवार को हर संभव मदद करने का भरोसा दिलाया गया। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष राकेश सिंह, राज कुमार निषाद, जिला महासचिव अरूण शुक्ला, फैयाज हाशमी, कृष्ण चंद्र निषाद, जिला सचिव डाक्टर दयाशंकर पटेल, चंद्रशेखर निषाद, नगर अध्यक्ष जफराबाद आशीष यादव, ब्लाक अध्यक्ष जलालपुर संदीप निषाद, ब्लाक अध्यक्ष सिरकोनी सहित पार्टी के तमाम नेता कार्यकर्ता व जनता उपस्थित रहे। पीड़ित परिवार को कांग्रेस पार्टी के प्रतिनिधि मंडल ने सांत्वना दी और हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। इस दौरान पार्टी के नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे और पीड़ित परिवार के साथ संवेदना व्यक्त की।

# 111.55 लाख की चार सड़क परियोजना का राज्यमंत्री ने किया शिलान्यास

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। शनिवार को खेल एवं युवा कल्याण राज्यमंत्री (स्वतन्त्र प्रभार) गिरीश चन्द्र यादव ने मुख्यमंत्री नगरीय अल्पविकसित/मलिन बस्ती विकास योजना के अंतर्गत रूपए 111.55 लाख की लागत की चार सड़क परियोजना का शिलान्यास किया। जिन सड़कों का शिलान्यास किया उसमें प्रमुख रूप से वार्ड अहियापुर में स्टेशन मार्ग से बुआ जी हॉस्पिटल होते हुए डा0 मंजू के मकान तक नाली व इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य अनुमानित लागत रू0 23.77 लाख, वार्ड अहियापुर में आशा सिंह के मकान से शैलेन्द्र यादव, अजय यादव के मकान से होते हुए रामदुलार के मकान तक इंटरलॉकिंग व नाली निर्माण कार्य अनुमानित लागत रू0




24.61 लाख, वार्ड अहियापुर में सर्विस स्टेशन के आगे सुरेन्द्र रावत के मकान से होरीलाल, रघुवीर गुप्ता के मकान तक एवं लालू भूषा की दुकान से राजेन्द्र के मकान तक इंटरलॉकिंग व नाली निर्माण कार्य अनुमानित लागत रू0 28.68 लाख, गुलरघाट में बेनी प्रसाद की दुकान के सामने से बदलापुर पड़ाव तक इंटरलॉकिंग व नाली निर्माण कार्य अनुमानित लागत रू0 34.49 लाख से किया जायेगा। शिलान्यास के दौरान प्रमुख रूप से डा0 रामसूरत मौर्य, मनीष श्रीवास्तव, प्रवीन कुमार सिंह, नंदलाल यादव, शिवशंकर यादव, जय सिंह व सचिन पांडेय सहित आदि लोग मौजूद रहे।

# छलकती आँखों से महिला ने एसडीएम को बांधा रक्षा सूत्र

**◆ भाई बनाकर लगाई अपने कैंसर पीड़ित पति की जान बचाने की गुहार**

**एसडीएम ने कहा बहन की हर सम्भव होगी मदद, तत्काल बना राशन कार्ड, बिजली बिल कम करने को एसडीओ को दिया निर्देश**

**विशाल सोनी**

शाहगंज,जौनपुर(उत्तरशक्ति)। सम्पूर्ण समाधान दिवस पर उस समय माहौल अचानक उस समय भावुक हो गया जब एक महिला अपनी आंखों में आंसुओं से भरे सागर एसडीएम के सामने हाथ फैलाते हुए एसडीएम के हाथों में रक्षा बंधन बांधा और कहा की मेरे पति की जान बचा लीजिये, मैं बहुत मजबूर हूँ।शनिवार को स्थानीय तहसील परिसर में एसडीएम कुणाल गौरव की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस चल रहा था कि तभी एसडीएम कुणाल गौरव अपनी सीट से उठे और अपने ऑफिस की तरफ जा रहे थे कि कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पक्खनपुर निवासी पार्वती यादव पत्नी अशोक यादव ने तहसील सभागार के गेट पर एसडीएम का हाथ पकड़ लिया। यकायक एसडीएम भी कुछ नहीं समझ पाए तभी पार्वती एक राखी उनके हाथों में बांधते हुए उसके आंखों से आंसुओं के झरने बहने लगे। और रोते हुए कहा कि भईया मेरे पति की जान बचा लीजिये। इस पर एसडीएम ने महिला को



शांत कराते हुए अपने ऑफिस ले गए और पूरी बात समझी। दरअसल में पार्वती यादव के पति अशोक यादव लगभग एक दशक से अधिक समय से माउथ कैंसर से पीड़ित हैं। जिसके इलाज में काफी पैसा खर्च हो गया। अब उसके बाद उसके पैसे नहीं रह गए। हर तरफ से थक हार कर एसडीएम के दरबार मे पहुंच कर पति की जान बचाने की गुहार लगाई। अशोक का राशन कार्ड और आयुष्मान कार्ड भी नही है, और तो और उसके घर का बिजली का बिल भी बहुत अधिक आया है।

पूरा मामला समझने के बाद एक अधिकारी और एक भाई की तरह एसडीएम कुणाल गौरव तत्काल सप्लाई इंस्पेक्टर शिव शंकर यादव और बिजली विभाग के एसडीओ को बुलाकर तत्काल राशन कार्ड और बिजली बिल सही करने का निर्देश दिया। और पार्वती को बहन कहते हुए बोले कि बहन आपकी हर सम्भव मदद की जाएगी। जल्द मुख्यमंत्री राहत कोष से औपचारिकताएं पूरी कराया जाएगा। जिससे आपके पति के कैंसर का इलाज हो सके। एसडीएम कुणाल गौरव के इस मानवतावादी सोच और तत्काल प्रभावी कदम की पूरे तहसील सहित जनपद भर में प्रशंसा हो रही है।







# भाजपा सरकार ने कानून का राज स्थापित किया: विधायक रमेश सिंह

खेतासराय,जौनपुर(उत्तरशक्ति)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 20वीं किस्त शनिवार को जारी की गई। इसका लाइव प्रसारण शाहगंज सोंधी विकासखण्ड के ब्लॉक सभागार में किया गया, जहां बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शाहगंज विधायक रमेश सिंह उपस्थित रहे।इस अवसर पर विधायक रमेश सिंह ने कहा, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना ने किसानों को आर्थिक संबल दिया है। यह सरकार की किसान-हितैषी सोच



का परिणाम है कि समय-समय पर किसानों को सीधे उनके खातों में आर्थिक सहायता दी जा रही है।विधायक ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार ने भ्रष्टाचार और अपराध पर जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई है। प्रदेश में कानून का राज स्थापित हुआ है। योगी-मोदी की जोड़ी ने प्रशासनिक व्यवस्था को पारदर्शी और जवाबदेह बनाया है। उन्होंने यह भी कहा कि पहले की सरकारों में योजनाएं सिर्फ कागजों पर चलती थीं, लेकिन अब लाभ सीधे पात्र व्यक्तियों को मिल रहा है। डिजिटल इंडिया और पारदर्शी व्यवस्था के चलते आज किसानों को बिना बिचौलिए के लाभ मिल रहा है। सन 2014 से पहले से उत्तर-प्रदेश में किसान सबसे ज्यादा आत्महत्या किया। आज प्रदेश में सुशासन स्थापित हुआ है। कार्यक्रम में किसानों ने प्रधानमंत्री का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए इस योजना को ऐतिहासिक बताया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बीडीओ पीयूष त्रिपाठी ने किया। इस अवसर पर एडीओएजी धर्मेंद्र कुमार, शमशाद अहमद, अश्वनी कुमार, सुरेश कुमार समेत आदि लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन कमलाकांत मौर्य ने किया।

## पैर फिसलने से नहर में गिरने से किसान की मौत

आजमगढ़(उत्तरशक्ति)। देवगांव कोतवाली क्षेत्र के तरफकाजी गांव निवासी शाहब लाल उर्फ मुन्ना (50 वर्ष) शुक्रवार की शाम खेत में पानी देने के लिए शारदा सहायक खंड-23 की शाखा नहर पर पहुंचे थे। पानी की व्यवस्था करते समय उनका पैर फिसल गया और वे नहर में गिर पड़े। गिरने के दौरान उनके सिर में गंभीर चोट लगने से वे बेहोश हो गए और पानी में डूब गए। जब तक आस-पास मौजूद लोग कुछ समझ पाते, तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को बाहर निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

## नाबालिग का अपहरण कर दुष्कर्म करने वाले एक आरोपी को किया गिरफ्तार

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। प्रभारी निरीक्षक मडियाहूँ के नेतृत्व में थाना मडियाहूँ पुलिस टीम द्वारा नाबालिक




का अपहरण कर दुष्कर्म करने वाले वांछित आरोपी शुभम भारती पुत्र उत्तमलाल भारती निवासी बुजुर्गा थाना मडियाहूँ जनपद जौनपुर सम्बन्धित मु0अ0सं0-62/25 धारा 87, 137(2), 64(1) बी.एन.एस. व 5ठ/6 पाक्सो एक्ट को बह्द ग्राम जमलिया तिराहा से गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# यातायात प्रभारी के नेतृत्व में चला यातायात जागरूकता अभियान, किया गया जागरूक

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। यातायात प्रभारी सुशील कुमार मिश्रा के नेतृत्व में यातायात पुलिस जौनपुर द्वारा विशेष अभियान चलाया गया जिसके अन्तर्गत बिना फिटनेस के, बिना नम्बर प्लेट के चलने वाले तथा निर्धारित रुट नम्बर पर नही चलनें वाले 200 ई-रिक्शा वाहनों को चेक किया गया, जिसमें 62 ई- रिक्शा वाहनों का चालान व 32000/- का जुमार्ना वसूल किया गया। तथा 10 वाहन को कोई भी प्रपत्र उपलब्ध नहीं कराने के कारण सीज किया गया।साथ ही शहर के सार्वजनिक मार्गो, चौराहों व तिराहों पर लगातार भ्रमणशील रहकर यातायात पुलिस जौनपुर द्वारा आमजन व वाहन चालकों को




यातायात नियमों के प्रति जागरूक करते हुए यातायात नियमों के पालन करने हेतु जैसे- नशे की हालत में वाहन न चलाने, निर्धारित मानक से अधिक सवारी न बैठाने, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करने, अवयस्क को वाहन न चलाने देने, सीट बेल्ट का प्रयोग करने, दो पहिया वाहनो पर हेलमेट का प्रयोग करने, वाहनों को ओवर लोड न चलाने आदि के संबन्ध में जागरूक किया गया।

# मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.लक्ष्मी सिंह ने जॉच टीम गठित कर तीन दिने में मॉगी रिपोर्ट

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने अवगत कराया है कि 01 अगस्त 2025 को वायरल विडियो के माध्यम से प्राप्त जानकारी के अनुसार सामु० स्वा० केन्द्र रामपुर में डिलिवरी हेतु चन्दा बनवासी पत्नी मुकेश बनवासी निवासी ग्राम कोटगॉव रामपुर जौनपुर गयी थी। परन्तु स्टाफ नर्स द्वारा डिलिवरी नही कराया गया और केस को वापस कर दिया गया। यह डिलिवरी केस ठेले पर ही प्रसव हेतु गया था और ठेले पर



ही प्रसव हो गया। जिसका प्रसव ठेले पर ही न्यू कैरियर स्कूल के पास रोड पर ही हो गया। उपरोक्त प्रकरण संज्ञान में आने पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 लक्ष्मी सिंह द्वारा जॉच हेतु टीम गठित कर दिया गया है। तीन दिवस में जॉच रिपोर्ट मॉगी गयी है। जॉच रिपोर्ट में इस लापरवाही के लिये जिम्मेदार अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जायेगी।



## पांडेयपुर चौराहे पर पिकअप पलटी, फल ठेले को नुकसान, बड़ा हादसा टला



वाराणसी (उत्तरशक्ति)। जनपद के कैंट थाना क्षेत्र में शनिवार को पांडेयपुर चौराहा स्थित शिव मंदिर के सामने उस समय अफरा-तफरी मच गई जब लोहे के पाइप से लदी एक पिकअप (वाहन संख्या – यूपी 65 CT 6105) मोड़ते वक्त असंतुलित होकर पलट गई। हादसे में किसी तरह की जनहानि तो नहीं हुई, लेकिन सड़क किनारे फल का ठेला लगाए एक व्यक्ति का ठेला टूट गया और भारी मात्रा में फल बर्बाद हो गए। घटना की सूचना पर कैंट थाने के प्रभारी निरीक्षक शिवाकांत मिश्रा तत्काल मौके पर पहुंचे। यातायात व्यवस्था को प्रभावित न होने देने के लिए दूसरा वाहन बुलाकर पाइपों को अनलोड कराया गया। फिलहाल क्षेत्र में यातायात पूरी तरह सामान्य है।हादसे में कोई घायल नहीं हुआ है। स्थानीय लोगों की मदद से सड़क को जल्द ही खाली करा लिया गया।

## मुंगराबादशाहपुर में तालाब भूमि पर अवैध कब्जा हटाने के आदेश पर अमल क्यों नहीं,हाईकोर्ट ने डीएम जौनपुर से मांगा हलफनामा

**जौनपुर (उत्तरशक्ति)।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने जौनपुर जिले में मुंगराबादशाहपुर के तरहठी गांव में तालाब भूमि पर अवैध कब्जा हटाने की मांग में दाखिल जनहित याचिका पर डीएम जौनपुर से व्यक्तिगत हलफनामा मांगा है। हाई कोर्ट ने उनसे पूछा है कि बीते मई माह में हुए बेदखली आदेश पर अमल क्यों नहीं किया गया। क्या आदेश के विरुद्ध कोई अपील दाखिल है तो किसके समक्ष और उसकी स्थिति क्या है। यदि नहीं दाखिल है तो क्या किसी बड़ी अदालत से स्थगनादेश तो नहीं है। कोर्ट ने आदेश की कॉपी सीजेएम के माध्यम से कलेक्टर को भेजने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने विद्यारत्न शुक्ल व अवनीश शुक्ल अतुल को भी नोटिस जारी किया है। याचिका की अगली सुनवाई 18 अगस्त को होगी। यह आदेश न्यायमूर्ति जे जे मुनीर ने माता शंकर राजमणि शुक्ल की याचिका पर अधिवक्ता राहुल सिंह व रोहित नंदन शुक्ल को सुनकर दिया है। मामले के तथ्यों के अनुसार तरहठी गांव स्थित तालाब भूमि पर अवैध कब्जा हटाने का प्रार्थना पत्र दिया गया। एसडीएम मछलीशहर ने अबैध कब्जा हटाने का आदेश दिया लेकिन कोई कार्रवाई न होने पर हाईकोर्ट में याचिका की गई है। गांव सभा की ओर से अधिवक्ता भूपेंद्र कुमार त्रिपाठी ने पक्ष रखा। कोर्ट ने राज्य सरकार व गांव सभा सहित विपक्षियों से याचिका पर दो सप्ताह में जवाब मांगा है और डीएम जौनपुर को बेदखली आदेश का पालन न करने की स्थिति स्पष्ट करने का निर्देश दिया है।

## बिजली निगम का बाबू 20 हजार रुपये रिश्वत लेते गिरफ्तार

**बरेली(उत्तरशक्ति)।** बरेली में बिजली निगम के बाबू (लिपिक) अजीत को 20 हजार रुपये की रिश्वत लेते एंटी करप्शन टीम ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से तालाशी के दौरान बैग से 1.76 लाख रुपये अलग से बरामद हुए हैं। कोतवाली में आरोपी के खिलाफ भ्रष्टाचार अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज की है। एंटी करप्शन टीम शनिवार को दोपहर लगभग साढ़े तीन बजे मुख्य अभियंता कार्यालय परिसर में ही बने अधिशासी अभियंता प्रथम मनोज कुमार के दफ्तर पहुंची। वहां बैठे बाबू अजीत कुमार को टीम ने 20 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया। इसके बाद उसे पकड़कर कोतवाली ले गई। वहीं आरोपी अजीत के कमरे और घर की भी तालाशी ली गई, इस दौरान आरोपी के बैग से ही 1.76 लाख की अलग से रकम बरामद हुई। इसको भी एंटी करप्शन पुलिस ने जब्त कर लिया है। टीम आरोपी से पूछताछ कर रही है, उसके पास 1.76 लाख के कैश की भी कोई रसीद आदि बरामद नहीं हुई और साथ ही अभी तक रकम का हिसाब नहीं दे सका है।

## इलाज के दौरान बालिका की मौत पर हंगामा

**मेंहनगर।** तरवां थाना क्षेत्र स्थित सौ शैय्या अस्पताल में सोमवार को इलाज के दौरान 12 वर्षीय दलित बालिका अंशिका की मौत हो गई। मौत की सूचना मिलते ही परिजनों और गांव के लोगों ने अस्पताल परिसर में हंगामा किया। स्थिति को देखते हुए आलाधिकारियों के साथ ही कई थानों की पुलिस मौके पर पहुंच गई। अधिकारियों के समझाने पर करीब सवा घंटा बाद परिजन माने और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

मदन राम की 12 वर्षीय पुत्री अंशिका कई दिनों से पैर में फोड़े से पीड़ित थी। पिता उसे तरवां स्थित सरकारी अस्पताल में इलाज के लिए लेकर गए थे। परिजनों का आरोप है कि अस्पताल में डॉक्टर द्वारा दिए गए इंजेक्शन के बाद उसकी तबीयत अचानक बिगड़ गई और कुछ ही देर में उसकी मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही गांव के लोग आक्रोशित हो उठे और देखते ही देखते सौ शैय्या अस्पताल के बाहर भारी भीड़ जमा हो गई। प्रदर्शन की सूचना मिलते ही नायब तहसीलदार मनोज गिरी, सीओ लालगंज भूपेश पांडेय सहित तरवां, मेंहनगर, फूलपुर समेत आधा दर्जन थानों की फोर्स मौके पर पहुंच गई। अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर परिजनों और भीड़ को समझाने का प्रयास किया, लेकिन परिजन मानने को तैयार ही नहीं थे। नायब तहसीलदार लालगंज मनोज गिरी ने बताया कि परिजनों को जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने के लिए आश्वासन दिया गया तो परिजन माने और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा सका।

## डायट प्रशिक्षुओं से कराया जाएगा मूल्यांकन

**आजमगढ़।** परिषदीय प्राथमिक और कंपोजिट विद्यालयों के बच्चों को कक्षा दो तक निपुण बनाने के लिए इस बार शिक्षा विभाग ने नई रणनीति अपनाई है। अब निपुण विद्यालयों का साल में दो बार मूल्यांकन कराया जाएगा। यह कार्य जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) स्तर से कराया जाएगा, जिसमें डीएलएड प्रशिक्षु भाग लेंगे। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कक्षा दो तक के छात्र पढ़ने, समझने और गणना करने में पूर्णत सक्षम बन सकें।

महानिदेशक स्कूल शिक्षा एवं निदेशक बेसिक शिक्षा द्वारा इस संबंध में सभी बेसिक शिक्षा अधिकारियों और डायट प्राचार्यों को निर्देश भेज दिए गए हैं। मूल्यांकन की प्रक्रिया दिसंबर और फरवरी माह में पूरी की जाएगी।

इस योजना के तहत पाठ्यपुस्तकों के साथ वर्कबुक, गणित चार्ट और भाषा किट का उपयोग अनिवार्य किया गया है, जिससे छात्रों की तर्क, विश्लेषण और अनुमान लगाने की क्षमता का विकास हो सके। सभी विद्यालयों को निपुण विद्यालय के रूप में विकसित करने के लिए वार्षिक लक्ष्य निर्धारित किए गए हैं। इसके अतिरिक्त प्रत्येक स्कूल में न्यूनतम 80 प्रतिशत छात्र उपस्थिति सुनिश्चित करनी होगी, और हर महीने पाठ्यक्रम को विषयवार पूरा करना अनिवार्य होगा।

# जीरो डोज टीकाकरण कार्यक्रम के अंतर्गत मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने की बैठक

**खेतसराय, जौनपुर (उत्तरशक्ति )।** राष्ट्रीय टीकाकरण कार्यक्रम भारत सरकार और राज्य सरकार की प्राथमिकताओं में से एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम है जिसके तहत टीकाकरण के माध्यम से जच्चा बच्चा व किशोर किशोरियों के स्वास्थ्य का ध्यान रखा जाता है उक्त कार्यक्रम हेतु मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा लक्ष्मी सिंह ने शनिवार को ब्लाक सभागार में सहयोगियों के साथ बैठक कर टीकाकरण की रूप रेखा तय किया। गौरतलब है की टीकाकरण के माध्यम से हमारा देश दो घातक एवं ला इलाज बीमारियों चेचक और पोलियो से मुक्त हो चुका है। बच्चों में बीमारियों का खतरा न बढ़ाने पाये इसी क्रम में यूनिसेफ आडरा गावी जीरो डोज कार्यक्रम के तहत जन जागरूकता कार्यशाला का आयोजन उक्त सभागार पर किया गया। जिला प्रशिक्षण अधिकारी डॉ नरेंद्र सिंह ने बताया कि बच्चों को 12 जानलेवा बीमारियों जैसे टीबी, हेपेटाइटिस बी, पोलियो, काली खांसी, गल घोटू, टेटनेस, हिमोफिलस इन्फ्लूएंजा टाइप बी, निमोनिया, डायरिया, खसरा, रूबेला, दिमागी बुखार आदि बीमारियों से बचाव टीकाकरण के माध्यम से आसानी से किया जा सकता है जिस प्रकार सभी ने अपनी सहयोग से भारत को पोलियो मुक्त किया उसी प्रकार इस राष्ट्रीय टीकाकरण कार्यक्रम में सहयोग करें। यूनिसेफ के रीजनल कोऑर्डिनेटर प्रदीप जी ने सभी से अपील की की पूर्व की भांति सभी का सहयोग व समर्थन अति आवश्यक है बिना आपके समर्थन व सहयोग के कार्यक्रम की सफलता नामुमकिन है इसी क्रम में कम्युनिटी से आए



मोहम्मद सैयद तारिक ने कहा कि हम टीकाकरण के पूर्व मस्जिद से ऐलान करने में सहयोग करेंगे और सभी अन्य मौलवी ईमाम से सहयोग की अपील करेंगे खंड विकास अधिकारी पीयूष त्रिपाठी ने बताया कि टीकाकरण सत्र का आयोजन प्रति ग्राम पंचायत में पंचायत भवन प्राथमिक विद्यालय और आंगनबाड़ी केदो में आयोजन हेतु सुविधा उपलब्ध कराने में सहयोग करेंगे और समुदाय में इसके जन जागरूकता के लिए सचिव ग्राम प्रधान आदि के माध्यम से करवाने का आश्वासन दिया।डॉ आबिद खान ने सुझाव दिया कि सोशल मीडिया पर टीकाकरण का प्रचार प्रसार किया जाए तो परिवार जागरूक होकर टीकाकरण करवा सकते हैं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने सभी से अपील किया कि आप सभी लोग अपने-अपने क्षेत्र में प्रभावशाली व्यक्ति हैं इसका लाभ समुदाय को मिलना चाहिए। आप लोग अपने स्तर से समुदाय में टीकाकरण के प्रति झिझक वाले परिवार से बात करके झिझक वाले परिवारों का टीकाकरण करने में सहयोग करें। यह टीकाकरण कार्यक्रम ग्राम पंचायत स्तर पर समुदाय आधारित प्रत्येक बुधवार और शनिवार को आयोजित किया जाता है, टीकाकरण की सेवाएं सरकार द्वारा आपके घर के बेहद नजदीक उपलब्ध कराई जाती है जिससे कि टीका लगवाने के लिए आपको कहीं दूर न जाना पड़े और आने-जाने पर कोई खर्चा ना हो आपको टीकाकरण करने हेतु लंबा इंतजार ना करना पड़े टीकाकरण के साथ ही मुफ्त टीकाकरण कार्ड उपलब्ध कराया जाता है जिसमें टीकाकरण का विवरण अंकित रहता है और आगामी टीका कहीं भी लगवा सकते हैं। इसके बाद भी बहुत सारे लोग जानकारी के अभाव में अपने बच्चों का टीकाकरण सही समय पर नहीं करवाते हैं सभी लोगों से अपने समुदाय तक सही जानकारी पहुंचाने और बच्चों का टीकाकरण निर्धारित आयु पर करने हेतु प्रेरित करने में सहयोग प्रदान करें।बैठक में प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर सूर्य प्रकाश यादव ने इस पर प्रकाश डाला। बैठक में आशुतोष शुक्ला,आलोक राय, विप्लव यादव,सुजीत कुमार मौर्य, राहुल कुमार यादव , अंजना ,बीएमसी अवधेश कुमार तिवारी, बृजेश वर्मा आदि लोग उपस्थित थे।

# दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने जा रहा भारत : नरेन्द्र मोदी

**सुरेश गांधी**

**वाराणसी(उत्तरशक्ति)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को अपने संसदीय क्षेत्र काशी को 2183.45 करोड़ रुपये की 52 विकास परियोजनाओं की सौगात दी। सेवापुरी के ग्राम बनौली में आयोजित विशाल जनसभा में उन्होंने 565.35 करोड़ की लागत से बनी 14 परियोजनाओं का लोकार्पण और 1618.10 करोड़ रुपये की 38 परियोजनाओं का शिलान्यास किया।

इस मौके पर प्रधानमंत्री ने किसानों के लिए एक और बड़ी सौगात के रूप में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 20वीं किस्त भी जारी की। उन्होंने बटन दबाकर देशभर के 9.7 करोड़ से अधिक किसानों के खातों में 20,500 करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि डिजिटली ट्रांसफर की। जैसे ही राशि ट्रांसफर हुई, कार्यक्रम स्थल पर मौजूद किसानों के चेहरे खुशी से चमक उठे।

खास यह है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हाल ही में भारत की अर्थव्यवस्था को डेड इकोनॉमी बताया था. उनके इस तंज के जवाब में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वाराणसी से करारा संदेश दिया और कहा कि भारत अब दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की राह पर है. प्रधानमंत्री ने कहा कि आज दुनिया की अर्थव्यवस्था कई आशंकाओं से गुजर रही है. अस्थिरता का माहौल है. ऐसे में दुनिया के देश अपने-अपने हितों पर फोकस कर रहे हैं. इसलिए भारत को भी अपने आर्थिक हितों को लेकर सजग रहना ही है. हमारे किसान, हमारे लघु उद्योग, युवाओं के रोजगार और हित हमारे लिए सर्वोपरि हैं. पीएम मोदी ने देशवासियों को स्वदेशी अपनाने का संकल्प दिलाया और कहा कि अब समय आ गया है कि हर भारतीय, हर खरीदारी में देशहित को प्राथमिकता दे।

प्रधानमंत्री ने साफ कहा- अब भारत भी हर चीज को परखने के लिए सिर्फ एक ही तराजू इस्तेमाल करेगा- वो है, भारतीय पसीने से बनी चीजें. भारतीय कौशल से बनी हों, भारतीय हाथों से बनी हों. यही हमारे लिए असली स्वदेशी है. उन्होंने कहा कि अब वक्त आ गया है जब देश का हर नागरिक, हर दुकानदार और हर उपभोक्ता इस मंत्र को अपनाए कि हम वही खरीदेंगे जो भारत में बना हो, जिसे भारतीय हाथों ने गढ़ा हो और जिसमें हमारे देश का पसीना हो. वैश्विक अस्थिरता के दौर में भारत को तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने की दिशा में यह सिर्फ सरकार की नहीं, हर भारतवासी की जिम्मेदारी है। प्रधानमंत्री मोदी ने इस संकल्प को सिर्फ सरकार या राजनीतिक दलों तक सीमित ना रखकर हर नागरिक की जिम्मेदारी बताया. उन्होंने कहा, सरकार इस दिशा में हर प्रयास कर रही है. लेकिन देश के नागरिक के रूप में हमारे कुछ दायित्व हैं. ये बात सिर्फ मोदी नहीं, हिंदुस्तान के हर व्यक्ति को हर पल बोलते रहना चाहिए- दूसरे को कहते रहना चाहिए. जो देश का भला चाहते हैं, जो देश को तीसरे नंबर की इकोनॉमी बनाना चाहते हैं, उसे अपने संकोच को छोड़कर देशहित में हर पल देशवासियों के अंदर एक भाव जगाना होगा- वह संकल्प है, हम स्वदेशी को अपनाएं. मोदी ने साफ किया कि वोकल फॉर लोकल और मेक इन इंडिया को अब केवल नारा नहीं, व्यवहारिक जीवन का हिस्सा बनाना होगा। प्रधानमंत्री ने देश के व्यापारियों और उद्योगजगत से विशेष आग्रह किया और कहा, अब समय आ गया है कि सिर्फ और सिर्फ स्वदेशी उत्पादों को ही बेचा जाए. उन्होंने कहा, मैं व्यापार जगत से जुड़े भाइयों को आगाह करता हूं- अब हमारी दुकानों पर सिर्फ स्वदेशी सामान बिकना चाहिए. यही देश की सच्ची सेवा होगी. जब हर घर में नया सामान आए तो वो स्वदेशी ही हो, यही हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए पीएम मोदी का यह बयान ऐसे समय में आया है, जब वैश्विक व्यापारिक दबाव, रूस-यूक्रेन युद्ध, चीन से आयात पर बहस और अमेरिका की टैरिफ पॉलिसी जैसे मुद्दे अंतरराष्ट्रीय मंचों पर चर्चा के केंद्र में हैं। प्रधानमंत्री मोदी द्वारा जिन 14 परियोजनाओं का लोकार्पण किया गया, उनमें प्रमुख रूप से वाराणसी-भदोही-गोपीगंज मार्ग (एसएच-87) के 8.6 किमी हिस्से का चार लेन चौड़ीकरण, हरदत्तपुर रेलवे स्टेशन के पास रेल ओवरब्रिज, बाबा कालिका धाम मंदिर, अम्बेडकर क्रीड़ा संकुल में हाकी मैदान, घाटों का पुनर्विकास, परिसर में बहुउद्देश्यीय हॉल, 53 विद्यालयों का पुनरुद्धार और महामना पंडित मदन मोहन मालवीय कैंसर अस्पताल में रोबोटिक सर्जरी यूनिट व रेडिएशन मशीनें शामिल हैं।

38 परियोजनाओं के शिलान्यास में मुंशी प्रेमचंद के लमही स्थित आवास का संग्रहालय के रूप में विकास, स्मार्ट अंडरग्राउंड केबलिंग सिस्टम, दालमंडी व अन्य सड़कों का चौड़ीकरण, कर्दमेश्वर व कपिलधारा मंदिर का पर्यटन विकास, फसाड लाइटिंग, बालिका विद्यालयों का नवीनीकरण, आधुनिक जिला पुस्तकालय, सिटी फैसिलिटी सेंटर, पार्किंग, स्ट्रीट फूड प्लाजा, गंगा घाटों का जीर्णोद्धार, जल शोधन, और हरित कवरेज में सुधार जैसी योजनाएं शामिल हैं।

## एचएमएसआई ने की जुलाई 2025 में 5,15,378 यूनिट्स की बिक्री

HONDA

पटना(उत्तरशक्ति)। होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया ने जुलाई 2025 में कुल 5,15,378 यूनिट्स की बिक्री दर्ज की, जिसमें घरेलू बाजार में 4,66,331 यूनिट्स और एक्सपोर्ट में 49,047 यूनिट्स शामिल हैं। जून 2025 की तुलना में यह आंकड़ा 20 प्रतिशत की मंथ-ऑन-मंथ ग्रोथ दशार्ता है। वित्त वर्ष 2025-26 (अप्रैल से जुलाई 2025) के चार महीनों में एचएमएसआई की कुल बिक्री 18,88,242 यूनिट्स रही, जिसमें घरेलू बिक्री 16,93,036 यूनिट्स और एक्सपोर्ट 1,95,206 यूनिट्स रहा। एचएमएसआई ने देशभर के 13 शहरों जैसे सोनीपत, सांगली, कटक, हाथरस, रोहरू, उदयपुर, भावनगर, झांसी, त्रिशूर, बीड, हैदराबाद, मैसूर और कांथी में रोड सेफ्टी को लेकर जागरूकता अभियानों का आयोजन किया।

इन अभियानों का मुख्य उद्देश्य युवाओं को ट्रैफिक नियमों और सुरक्षित ड्राइविंग के प्रति जागरूक करना था। होंडा इंडिया फाउंडेशन ने युवा सशक्तिकरण और डिजिटल शिक्षा को बढ़ावा देने की अपनी प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाते हुए मिजोरम में प्रोजेक्ट बुनियाद आत्मनिर्भरता का आधार की शुरूआत की, जिसे आइजोल स्थित मिजोरम यूथ कमिशन कार्यालय में लॉन्च किया गया।

इस पहल के तहत होंडा इंडिया फाउंडेशन ने एमवाईसी की डिजिटल लर्निंग सुविधाओं को बेहतर बनाने में भी सहयोग दिया। एचएमएसआई ने भारत में अपनी 25वीं वर्षगांठ पर दो नई मोटरसाइकिलों झ्र सीबी125 हॉरनेट और शाइन 100 डीएक्स लॉन्च कीं।

## विश्वविद्यालय में आई ट्रिपल ई द्वारा कोडिंग प्रतियोगिता का आयोजन




**जौनपुर (उत्तरशक्ति) ।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर के इंजीनियरिंग संकाय में आई ट्रिपल ई स्टूडेंट ब्रांच द्वारा कंप्यूटर प्रोग्रामिंग कोड वर्ष प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विश्वविद्यालय परिसर के 31 टीमों का आवेदन किया था । इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य छात्रों में कोडिंग कौशल का विकास करना और तकनीकी के क्षेत्र में हो रहे नवाचारों से परिचित करना था। एआई, मशीन लर्निंग, डेटा साइंस, आईओटी के प्रति छात्रों में जागरूकता पैदा की गई ताकि तकनीकी के क्षेत्र में उभरते हुए इन क्षेत्रों में छात्र नए शोध तथा परियोजना कार्य करने के लिए आगे बढ़े। विश्वविद्यालय परिसर में कुलपति प्रो. वंदना सिंह के मार्गदर्शन में आई ट्रिपल ई स्टूडेंट ब्रांच की स्थापना की गई है जिसका उद्देश्य तकनीकी क्षेत्रों के प्रति छात्रों में रुचि पैदा करना, देश दुनिया में हो रहे तकनीकी शोध से छात्रों को परिचित कराना और छात्रों में प्रोफेशनल स्किल का विकास करना है। इंजीनियरिंग संकाय के संकायाध्यक्ष प्रो. सौरभ पाल और कंप्यूटर साइंस के विभागाध्यक्ष डॉ. विक्रांत के निर्देशन में आई ट्रिपल ई कार्य कर रहा है। कोड वर्ष कोडिंग प्रतियोगिता का आयोजन आई ट्रिपल ई के सक्रिय सदस्यों के द्वारा किया गया। प्रतियोगिता से पूर्व छात्रों को संबोधित करते हुए आई ट्रिपल ई के फैकल्टी कॉर्डिनेटर श्री दिलीप यादव तथा ब्रांच काउंसलर डॉ. दिव्येंदु मिश्र ने छात्रों को आई ट्रिपल ई के बारे में तथा आई ट्रिपल के कार्यों के बारे में बताते हुए आई ट्रिपल ई की सदस्यता की फायदे के बारे में भी प्रकाश डाला। कार्यक्रम में वैभव भारती, इप्सिता, उज्ज्वल द्विवेदी, निहार, शिवेंद्र दीक्षित, अभिषेक, आद्रिका और अनुराग आदि सदस्य उपस्थित थे।

# काशी से ऑपरेशन सिंदूर को समर्पण, बोले- भोलेनाथ की कृपा और कालभैरव का संकल्प है नया भारत

**सुरेश गांधी**

**वाराणसी(उत्तरशक्ति)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को अपने एक दिवसीय वाराणसी दौरे पर सेवापुरी के बनौली गांव में आयोजित विशाल जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता को बाबा विश्वनाथ के चरणों में समर्पित करते हुए दो टूक शब्दों में कहा कि जो भारत पर वार करेगा, वो पाताल में भी नहीं बचेगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर कोई तमाशा नहीं, यह नया भारत का संकल्प है। प्रधानमंत्री ने संबोधन की शुरूवात काशीवासियों को भोजपुरी में अभिवादन करते हुए किया, हम काशी के लोगन के प्रणाम करत हईं। आज ऑपरेशन सिंदूर के बाद पहली बार काशी आया हूं। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि काशी के मेरे मालिकों से मैंने वचन लिया था कि आतंकियों को उनके अंजाम तक पहुंचाऊंगा और वह वचन अब पूरा हुआ है। प्रधानमंत्री ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर कोई तमाशा नहीं, यह नया भारत का संकल्प है। उन्होंने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि कुछ लोग ऑपरेशन सिंदूर की सफलता को तमाशा बता रहे हैं, यह उनका देशविरोधी चरित्र दशार्ता है।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने दुनिया को यह दिखा दिया कि नया भारत न केवल अपने लोगों की रक्षा करना जानता है, बल्कि आतंक के अड्डों को मिट्टी में मिलाने की हिम्मत भी रखता है। उन्होंने कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों से पूछा कि क्या आतंकियों को मारने के लिए उनसे पूछकर कार्रवाई करनी चाहिए थी? उन्होंने कहा, यह भारत भोलेनाथ को पूजता है, और जरूरत पड़ने पर कालभैरव बनकर दुश्मनों का संहार करता है।

प्रधानमंत्री ने भारत में विकसित हथियार प्रणालियों की ताकत का उल्लेख करते हुए कहा कि ऑपरेशन सिंदूर में दुनिया ने भारत के स्वदेशी हथियारों की क्षमता देखी। भारत में बने ब्रह्मोस मिसाइलों, ड्रोनों और वायु रक्षा प्रणालियों ने आत्मनिर्भर भारत की ताकत को साबित किया है। ब्रह्मोस मिसाइलों का निर्माण अब लखनऊ में होगा और यदि पाकिस्तान ने फिर पाप किया तो यूपी में बनी मिसाइलें जवाब देंगी। उन्होंने कहा कि यूपी डिफेंस कॉरिडोर भारत की सुरक्षा का नया आधार बनेगा। उन्होंने कहा कि 11 वर्षों में यूपी के किसानों की स्थिति में बड़ा बदलाव आया है, जो किसान आत्महत्या कर रहे थे, आज वही आत्मनिर्भर भारत की रीढ़ बन रहे हैं। इस मौके पर प्रधानमंत्री ने पीएम किसान सम्मान निधि की 20वीं किस्त जारी की। उन्होंने बताया कि अब तक देश के 10 करोड़ किसानों के खातों में करीब चार लाख करोड़ रुपये पहुंच चुके हैं। काशी के किसानों को 900 करोड़ रुपये, यूपी के किसानों को 90 हजार करोड़ रुपये तथा देशभर के किसानों को पौने चार लाख करोड़ रुपये की राशि दी गई है। प्रधानमंत्री ने देशभर में चल रहे बैंकिंग केवाईसी अभियान की सराहना की और बताया कि एक लाख से अधिक बैंक टीमें एक महीने में ग्राम पंचायतों तक पहुंच चुकी हैं। उन्होंने कहा कि आज जिन लोगों ने कभी बैंक नहीं देखा था, उनके खाते भी खुल चुके हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि देशभर में बैंकिंग सेवाओं का विस्तार हो रहा है, जिससे गरीबों को बैंकिंग सेवाएं उनके दरवाजे तक मिल रही हैं। प्रधानमंत्री ने उत्तर प्रदेश में कानून-व्यवस्था की स्थिति की सराहना करते हुए कहा कि जो यूपी कभी अपराधों के लिए बदनाम था, वह आज निवेश और विकास का केंद्र बन गया है। पीएम मोदी ने कहा कि उत्तर प्रदेश अब दंगों और माफियाराज से मुक्त होकर विकास की राह पर है। अपराधियों में योगी सरकार का खौफ है। उन्होंने योगी आदित्यनाथ सरकार को सुशासन के लिए सार्वजनिक मंच से बधाई दी। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत केवल एक नारा नहीं, बल्कि राष्ट्र की सामूहिक आकांक्षा है। उन्होंने देशवासियों से स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा, आज दुनिया अपने हितों को सर्वोपरि रख रही है, ऐसे में भारत को भी अपने आर्थिक हितों के लिए सजग रहना होगा। हम संकल्प लें कि वही खरीदेंगे, वही बेचेंगे, जिसे बनाने में किसी भारतीय का पसीना बहा हो।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री का स्वागत करते हुए कहा कि काशी भारत की आत्मा है और अब उसकी पहचान वैश्विक हो चुकी है। प्रधानमंत्री जी ने काशी को 51 बार दर्शन दिया है, इससे बड़ा जनसेवा का उदाहरण क्या हो सकता है? उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में ऑपरेशन सिंदूर की सफलता ने देश को गौरव से भर दिया है। मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रधानमंत्री के प्रयासों से अब तक काशी के लिए 51 हजार करोड़ रुपये की परियोजनाएं स्वीकृत हो चुकी हैं, जिनमें से 34 हजार करोड़ रुपये की योजनाओं का लोकार्पण हो चुका है, और 2200 करोड़ रुपये की योजनाओं का शुभारंभ इस दौरे में हुआ है।

प्रधानमंत्री मोदी ने मंच से जिले के चयनित दिव्यांगजनों को अत्याधुनिक सहायक उपकरण वितरित किए। इनमें दृष्टिबाधित छात्रा बबली कुमारी, संतोष कुमार पांडे, विकास कुमार पटेल, किशन जी तथा सीता कुमारी पाल को उपकरण प्रदान किए गए। उन्होंने कहा कि दिव्यांग शब्द से आत्मविश्वास बढ़ा है और अब यह वर्ग जीवन के हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है।












## नहर सिंचाई प्रणाली को बेहतर बनाने को ले किसानों से लिए गए सुझाव



सिवान (उत्तरशक्ति)। बिहार सिवान जिला अंतर्गत महाराजगंज में अनुमंडल मुख्यालय के सारण नहर प्रमंडल के कार्यालय परिसर में जल संसाधन विभाग के सौजन्य से व सारण नहर प्रमंडल महाराजगंज के तत्वाधान में नहर सिंचाई प्रणाली को बेहतर बनाने पर चर्चा की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कार्यपालक अभियंता सह योजना एवं मॉनिटरिंग विनय कुमार, डीसीएलआर अमन आनंद शामिल हुए। इस अवसर पर सारण नहर प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता राजेश कुमार ने बताया कि जल संसाधन विभाग से मिले निर्देश पर किसानों के साथ बैठक का मुख्य उद्देश्य नहर प्रणाली को बेहतर बनाना है। नहर का पानी किसानों के अंतिम खेत तक पहुंच सके। इसके लिए विभाग की ओर से कार्य योजना के साथ अथक प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि छपरा शाखा नहर एवं रामपुर वितरणी नहर से निश्रित नहरों के क्षेत्र से आने वाले किसानों के साथ बैठक कर सुझाव लिए गए। साथ ही नहर प्रणाली से संबंधित किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए कलमबद्ध किया गया। जिसके बाद इस पर बेहतर कार्य किया जाएगा। जिससे किसानों के खेतों तक पानी पहुंचाया जा सके। उन्होंने बताया कि बैठक में समय पर और पर्याप्त मात्रा में जल उपलब्ध कराने व नहर के संचालन को बेहतर बनाने को ले किसानों के साथ विस्तृत रूप से चर्चा किया गया। मौके पर अवर प्रमंडल पदाधिकारी प्रकाश भारती, तरवारा के अवर प्रमंडल पदाधिकारी नीलमणि, जामो बाजार के अवर प्रमंडल पदाधिकारी रमन रणधीर वर्मा सहित सभी विभागीय पदाधिकारी, कर्मचारी व सैकड़ों किसान मौजूद थे।

## हिम श्रृंगारित पांडेयपुर हनुमान मंदिर में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब



वाराणसी। काशी की आध्यात्मिकता को आज नया स्वरूप मिला जब पांडेयपुर स्थित प्राचीन श्रीहनुमान मंदिर में हिम श्रृंगार के अलौकिक दर्शन हुए। शनिवार को आयोजित भव्य हिम एवं हरियाली श्रृंगार महोत्सव में मंदिर को फूलों, रंग-बिरंगी विद्युत झालरों और विशेष कृत्रिम बर्फ से इस तरह सजाया गया कि मंदिर परिसर किसी हिमालयी देवालय की अनुभूति कराने लगा। चारों ओर हरियाली की छटा और बर्फ के श्वेत आभामंडल के बीच सजे पवनपुत्र के दिव्य रूप ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया।

बता दें, पांडेयपुर का यह आयोजन केवल एक श्रृंगार उत्सव नहीं, बल्कि श्रद्धा, संस्कृति और लोकविश्वास का अद्वितीय संगम था। हिम श्रृंगार में रचे-बसे बजरंगबली का यह अलौकिक स्वरूप आने वाले कई दिनों तक श्रद्धालुओं के हृदय में गूंजता रहेगा। काशी की इस आध्यात्मिक परंपरा ने आज पुनः यह सिद्ध कर दिया कि आस्था जब सजीव होती है, तो ईश्वर साक्षात उतर आते हैं।

सुबह ब्रह्ममुहूर्त से ही मंदिर में विशेष आरती और श्रृंगार आरंभ हो गया था। पुजारी दिलीप तिवारी के अनुसार, हनुमान जी का यह हिम श्रृंगार इस वर्ष की सबसे भव्य श्रृंखलाओं में एक था। फूलों, तुलसी की मालाओं और सफेद सजावट के माध्यम से पवनपुत्र को ह्यहिमान्चल रूप में सजाया गया। यह श्रृंगार केवल धार्मिक रस्म नहीं, बल्कि भक्ति और कला का संगम था।

शाम 6 बजे से मंदिर प्रांगण में वैदिक मंत्रोच्चारों के साथ विशेष हवन का आयोजन हुआ। श्रद्धालुओं ने सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा, सुंदरकांड और बजरंग बाण का पाठ किया। वातावरण पूरी तरह भक्ति रस में डूबा रहा। कई भक्तों ने तुलसी, गुलाब और गेंदा फूलों से बनी विशेष माला हनुमान जी को अर्पित की।

श्रृंगार के बाद विशाल भंडारे का आयोजन हुआ, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। मंदिर समिति द्वारा संचालित इस भंडारे में बच्चों से लेकर वृद्धजनों तक, हर वर्ग के भक्तों की बड़ी संख्या में उपस्थिति ने यह साबित कर दिया कि आज भी श्रद्धा से बड़ा कोई आयोजन नहीं। इस मंदिर की एक विशेषता यह भी है कि यहां विराजमान हनुमान जी को श्रद्धालु ह्यरोअनवा महावीर कहते हैं। मान्यता है कि जो भक्त यहां आकर सच्चे मन से रोकर अपनी पीड़ा बताते हैं, उनके कष्ट हर लेते हैं केसरी नंदन। श्रद्धालुओं का विश्वास है कि यहां मात्र सवा पाव लड्डू और हनुमान चालीसा के पाठ से ही बजरंगबली प्रसन्न हो जाते हैं। काशी की पंचकोशी यात्रा के दौरान यह मंदिर एक अनिवार्य पड़ाव माना जाता रहा है। पुराने दिनों में मंदिर के पीछे स्थित अखाड़े से कई नामचीन पहलवान निकले हैं, जिन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर काशी का गौरव बढ़ाया। आज भी स्थानीय विद्यार्थी, व्यापारी और संगीत साधक अपनी दिनचर्या की शुरूआत ह्यरोअनवा महावीर को प्रणाम कर करते हैं।



इण्डियन इंस्टिट्यूट ऑफ ई कॉमर्स एंड डिजिटल मार्केटिंग ट्रेडिंग सेंटर , ओपेरा हाउस ,चरनी रोड शाखा का उद्घाटन मंगल प्रभात लोढ़ा (कौशल विकास , उद्यमिता मंत्रालय (महाराष्ट्र) मंत्री के द्वारा किया गया। डायरेक्टर प्रमोद व्ही सुराणा , हितेश खंडोर व जयेश खंडोर को भविष्य के लिए शुभकामना दी गयी।

## सितंबर 2025 तक बंद होगा 500 का नोट!

नईदिल्ली। सोशल मीडिया पर इन दिनों एक संदेश तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें दावा किया जा रहा है कि भारतीय रिजर्व बैंक 500 के नोटों को सितंबर 2025 तक बंद करने जा रहा है। यह दावा व्हाट्सएप, फेसबुक और अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर तेजी से फैल रहा है, जिससे लोगों में भ्रम और चिंता का माहौल बन गया है।

हालांकि, इस दावे में कोई सच्चाई नहीं है। RBI ने स्पष्ट किया है कि उसने 500 के नोट बंद करने को लेकर कोई घोषणा या आदेश जारी नहीं किया है।

## जनसेवा और जनसंपर्क के मिसल है पूर्व गृहमंत्री



मीरा भायंदर (उत्तरशक्ति)। महाराष्ट्र के पूर्व गृह मंत्री, तथा वर्तमान में भारतीय जनता पार्टी के उत्कृष्ट नेता कृपा शंकर सिंह, के जन्मदिन की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए। भारतीय जनता पार्टी बिहार प्रकोष्ठ महाराष्ट्र प्रदेश संयोजक, एंड नीतीश वर्मा ने कहा कि ईश्वर आपको दीर्घायु उत्तम स्वास्थ्य और समाज हित में सतत कार्य करने की शक्ति प्रदान करें आपका नेतृत्व सदैव मार्गदर्शक बना रहे यही कामना करता हूं।

## न्याय की मांग को लेकर शांतीदूत सोसाइटी के सभी सदस्य एक बार फिर बिल्डर के खिलाफ करेंगे आमरण अनशन

कल्याण। कल्याण पश्चिम के चिकणघर स्थित टायकून अवंती ग्रुप एलएलपी के डेवलपर श्रीकांत शितोळे और चेतन सराफ के खिलाफ शांतीदूत गृह निर्माण हाउसिंग सोसाइटी के पुनर्विकास का मुद्दा पिछले कुछ दिनों से लगातार चर्चा में है। महाराष्ट्र विधानसभा के मानसून सत्र में भी इस मुद्दे पर चर्चा हुई और सदस्यों को न्याय दिलाने का आश्वासन दिया गया। लेकिन शांतीदूत सोसाइटी द्वारा टायकून अवंती ग्रुप एलएलपी के विकासक श्रीकांत शितोळे और चेतन सराफ के खिलाफ पुलिस प्रशासन में की गई शिकायत की समयसीमा समाप्त होने के बावजूद अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है – ऐसा आरोप सोसायटी के सदस्यों ने लगाया है। इसी के चलते अब एक बार फिर सभी निवासी अनशन पर बैठने जा रहे हैं। आने वाले रविवार, 3 अगस्त से ये सभी सदस्य अपने परिवार के साथ आमरण अनशन शुरू करने जा रहे हैं, जिसमें भारतीय जनता पार्टी के पूर्व विधायक नरेंद्र पवार भी शामिल होंगे। कल्याण पश्चिम के चिकणघर इलाके की शांतिदूत गृहनिर्माण हाउसिंग सोसायटी के सदस्य पिछले 14 वर्षों से अपने हक के घरों की प्रतीक्षा कर रहे हैं। पुनर्विकास का कार्य लेने वाले टायकून अवंती ग्रुप एलएलपी के डेवलपर द्वारा किए गए अन्यायपूर्ण विलंब के कारण सैकड़ों परिवारों की हालत बद से बदतर हो गई है। ये सभी परिवार पिछले 14 वर्षों से कानूनी लड़ाई लड़ रहे हैं, लेकिन अब तक उन्हें न्याय नहीं मिला है। इन सैकड़ों निवासियों को न्याय दिलाने के लिए पूर्व विधायक नरेंद्र पवार लगातार प्रयास कर रहे हैं। हाल ही में 16 जुलाई को महात्मा फुले पुलिस थाने में शांतीदूत गृह निर्माण हाउसिंग सोसाइटी के सदस्य और पुलिस अधिकारियों की बैठक में टायकून अवंती ग्रुप एलएलपी के डेवलपर श्रीकांत शितोळे और चेतन सराफ पर 10 दिनों में कार्रवाई का आश्वासन दिया गया था। लेकिन 10 दिन बीत जाने के बाद भी अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है – ऐसा सोसायटी के सदस्यों का कहना है। वहीं, 25 जुलाई को फिर एक बार सोसाइटी के सदस्य, डेवलपर और महात्मा फुले पुलिस प्रशासन की बैठक हुई, जिसमें पुलिस द्वारा पहले दिए गए आश्वासन को नजरअंदाज करते हुए उलटे एक महीने की और समय सीमा मांगे जाने की चौंकाने वाली जानकारी सदस्यों द्वारा दी गई। साथ ही, पुलिस की ओर से दबाव बनाया गया कि ₹आप आंदोलन क्यों करते हैं? विरोध क्यों करते हैं? डेवलपर की मदद कीजिए₹ – ऐसा गंभीर आरोप भी सदस्यों ने लगाया है। जबकि टायकून अवंती ग्रुप एलएलपी के डेवलपर श्रीकांत शितोळे और चेतन सराफ के खिलाफ प्रशासन द्वारा अब तक कोई सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया है। ऐसे में सैकड़ों निवासियों के सामने यह गंभीर सवाल खड़ा हो गया है कि वे आखिर अपनी फरियाद लेकर जाएं तो किसके पास?

## मंदिर में मूर्ति की स्थापना व प्राण प्रतिष्ठा के आयोजन में पहुंचे पूर्व सांसद गोपाल शेट्टी



कांदिवली, मुंबई। जय भारत कांदिवली एसआरए सोसाइटी द्वारा परिसर में एक भव्य मंदिर का निमार्ण कराया गया है। इस मंदिर में श्री गणेश जी, माता दुर्गा और बजरंग बली की दिव्य मूर्तियों की स्थापना व प्राण प्रतिष्ठा के आयोजन में उत्तर मुंबई के पूर्व सांसद गोपाल शेट्टी, जय भारत व साई दर्शन सोसाइटी, लालजी पाडा, न्यु लिंक रोड, कांदिवली (पश्चिम) में सम्मिलित हुए और वहां उपस्थित नागरिकों को संबोधित किया। इस अवसर पर संजय सिंह और अशोक शाह सहित सोसाइटी के सभी पदाधिकारी व निवासी नागरिक उपस्थित रहे।

## अवैध शराब कारोबार पर नकेल कसने का एसडीपीओ ने दी नसीहत

सिवान (उत्तरशक्ति)। बिहार सिवान जिला अंतर्गत महाराजगंज में स्थानीय अनुमंडल के एसडीपीओ अमन कुमार ने शनिवार को अपने कार्यालय कक्ष में अनुमंडल क्षेत्र के सभी थाना पुलिस को शराब बिक्री पर अंकुश लगाने का सख्त निर्देश दिया है। साथ हीं थाना संचिकाओं का अपडेट करने का निर्देश दिया है । बैंक, संध्या और रात्रि गश्ती को तेज करने को कहा है। लंबित कांडों के निष्पादन में तेजी लाने को भी कहा। एसडीपीओ ने थाना अध्यक्षों से कहा कि सभी चौकीदारों से अपने क्षेत्र की गुप्त सूचना और आपराधिक छवि वाले लोगों की जानकारी लेनी है। वहीं जनप्रतिनिधियों और प्रबुद्ध लोगों से संवाद करने का भी निर्देश दिया। जनता से फ्रेंडली व्यवहार रखना है। एसडीपीओ ने कहा कि महावीरी झंडा जुलूस में डीजे और धारदार हथियारों के प्रदर्शन पर रोक रखना है।

## विधायक ने दिया आपदा से राहत की राशि



सिवान (उत्तरशक्ति)। बिहार सिवान जिला अंतर्गत महाराजगंज, अनुमंडल क्षेत्र के भगवानपुर प्रखंड के पानीआडीह गांव में बिजली के तार टूटने से एक व्यक्ति की मौत हो गई थी। मृतक अखिलेश्वर तिवारी का पुत्र वशिष्ठ तिवारी बताया जाता है, कागजी प्रक्रिया पूरी होने पर महाराजगंज के विधायक विजय शंकर दुबे ने मृतक के घर पानियाडीह गांव पहुंचकर मृतक के आश्रित अखिलेश्वर तिवारी को आपदा की सहायता राशि 4 लाख रुपए का चेक दिया, जिसको को चेक प्रदान किया गया, मौके पर मुखिया आदी मौजूद थे। परिजनों ने चेक पाकर विधायक के प्रति आभार प्रकट किया। विधायक ने कहा जहां भी मैं प्रतिनिधि रहा लोगों का हर सुख-दुख में साथ रहा हूं। महाराजगंज विधानसभा क्षेत्र में भी इस काम के अलावा सड़कों का जाल बिछाया, पंचायत में स्वास्थ्य उपकेंद्र , बच्चों के पढ़ने के लिए स्कूल महाराजगंज शहर में दर्जनों योजनाएं करा कर जनता को लोकार्पण किया। मौके पर कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष राजाराम सिंह, महाराजगंज प्रखंड के कांग्रेस के अध्यक्ष इम्तियाज अहमद, । कांग्रेस नेता जग्गा सिंह, अजय कुमार पटेल, अकरम खान आदि लोग मौजूद थे।

## पूर्व खऊ्र नेता प्रज्वल रेवन्ना रे'प केस में दोषी करार, अदालत में रो पड़े



कर्नाटक। कर्नाटक के पूर्व जेडी(एस) सांसद प्रज्वल रेवन्ना को जनप्रतिनिधियों की विशेष अदालत ने उनके खिलाफ दर्ज एक गंभीर बलात्कार मामले में दोषी ठहराया है। यह फैसला सिर्फ. 14 महीने के भीतर सुनाया गया है, जो कि कानूनी प्रक्रिया में बहुत तेजी माना जाता है। अदालत ने शुक्रवार को यह फैसला सुनाया और सजा की घोषणा कल की जाएगी। फैसला सुनाए जाने के बाद प्रज्वल रेवन्ना अदालत में फूट-फूट कर रोते हुए नजर आए। अदालत कक्ष से बाहर निकलते समय उनकी भावुकता देखी गई, जो इस मामले की गंभीरता और उनके व्यक्तिगत संकट को दशार्ती है।

यह मामला मैसूर के केआर नगर की एक घरेलू सहायिका द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत पर आधारित है। पीड़िता ने आरोप लगाया था कि प्रज्वल रेवन्ना ने उसके साथ बलात्कार किया और इस कृत्य का वीडियो भी बनाया। इस शिकायत के बाद मामला कर्नाटक पुलिस के अपराध जांच विभाग के साइबर अपराध थाने में दर्ज किया गया। मुकदमा भारतीय दंड संहिता की कई धाराओं के तहत दर्ज किया गया था। जिनमें धारा 376(2)(के) जो कि विशेष बलात्कार से संबंधित है, 376(2)(एन), 354(ए), 354(बी), 354(सी), 506, 201 के साथ-साथ सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की धारा 66 भी शामिल है।

सीआईडी के विशेष जांच दल ने मामले की गहन जांच की। टीम ने कुल 123 साक्ष्य इकट्ठा किए और लगभग 2,000 पृष्ठों का आरोप पत्र अदालत में प्रस्तुत किया। इस टीम का नेतृत्व इंस्पेक्टर शोभा ने किया। मुकदमा 31 दिसंबर 2024 को शुरू हुआ था। अदालत ने 23 गवाहों से पूछताछ की और वीडियो क्लिप की फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला की रिपोर्ट, साथ ही अपराध स्थल का निरीक्षण रिपोर्ट भी ध्यान में रखा। मुकदमे की सुनवाई लगभग सात महीने में पूरी हुई, जो इस तरह के मामलों के लिए काफी तेज है।

राज्य की ओर से विशेष लोक अभियोजक बीएन जगदीश और अशोक नाइक ने केस को पेश किया। जबकि प्रज्वल रेवन्ना की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता नलिना मायागौड़ा और अरुण जी पैरवी कर रहे हैं। अदालत ने कल सजा सुनाने की तारीख निर्धारित की है।

## बनारस व्यापार मंडल ने पीएम के 'लोकल फॉर वोकल' को बताया आत्मनिर्भर भारत का मंत्र



वाराणसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ह्यलोकल फॉर वोकल के आह्वान ने काशी के व्यापारियों में नया उत्साह भर दिया है। वाराणसी व्यापार मंडल के अध्यक्ष अजीत सिंह बग्गा की अगुवाई में आयोजित टेलीकॉन्फ्रेंस में व्यापारियों ने प्रधानमंत्री के संदेश का स्वागत किया और इसे देश को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में निर्णायक कदम बताया।

व्यापार मंडल के अजीत सिंह बग्गा ने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने की अपील न सिर्फ छोटे व्यापारियों के लिए संजीवनी है, बल्कि इससे हर नागरिक के हाथ में रोजगार पहुंचेगा। आने वाले त्योहारों में स्थानीय उत्पादों की खरीद से न सिर्फ बाजार सजेगा, बल्कि देश की आर्थिक रीढ़ भी सुदृढ़ होगी। श्री बग्गा ने कहा, प्रधानमंत्री का संदेश सिर्फ नारा नहीं, आत्मनिर्भरता की व्यावहारिक दिशा है। बनारस के व्यापारी इसके लिए तैयार हैं।

बैठक में रविंद्र जायसवाल, मनीष गुप्ता, संजय गुप्ता, संजय निरंकारी, सत्य प्रकाश, प्रिया अग्रवाल, संतोष सिंह और जयप्रकाश सहित कई पदाधिकारी जुड़े। सभी ने कहा कि ह्यलोकल को अपनाना, राष्ट्र को अपनाना है- यह सोच अब जन-जन तक पहुंचनी चाहिए। व्यापार मंडल ने प्रधानमंत्री की इस सोच का अभिनंदन करते हुए स्थानीय स्तर पर बने उत्पादों को प्रोत्साहन देने का संकल्प भी लिया।

## कनाडा को फिलीस्तीन मान्यता का दांव पड़ा महंगा, गुस्साए ट्रंप ने ठोक दिया मोटा टैरिफ



नईदिल्ली। फिलीस्तीन को स्वतंत्र राष्ट्र के तौर पर मान्यता देने की घोषणा कर कनाडा ने अमेरिका से अपने व्यापारिक रिश्तों में खुद ही दरार डाल दी है। इसी फैसले से नाराज अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कनाडा पर 35% टैरिफ लागू कर दिया है। इतना ही नहीं, ट्रंप ने एक ही झटके में 96 देशों पर नया टैरिफ लगाया है जिसमें भारत पर भी 25% शुल्क लगाया गया है। टैरिफ विवाद पहले से चल रहा था लेकिन फिलिस्तीन को लेकर कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी के बयान ने आग में घी डाल दिया। कार्नी ने 30 जुलाई को घोषणा की थी कि कनाडा सितंबर 2025 में संयुक्त राष्ट्र महासभा की 80वीं बैठक में फिलिस्तीन को एक स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में मान्यता देगा लेकिन इसके लिए शर्त रखी कि 2026 के चुनाव में हमास शामिल न हो।

व्हाइट हाउस ने साफ कर दिया है कि कनाडा को फिलहाल कोई छूट नहीं दी जाएगी। ट्रंप प्रशासन ने कनाडा पर पहले 25% टैरिफ लगाया था जिसे अब बढ़ाकर 35% कर दिया गया है। दूसरी तरफ मैक्सिको को ट्रंप ने 90 दिन का वक्त दिया है ताकि वह नई ट्रेड डील पर बातचीत कर सके। इतना ही नहीं व्हाइट हाउस ने धमकी दी है कि अगर कनाडा या कोई दूसरा देश नए टैरिफ से बचने के लिए किसी तीसरे देश के जरिए माल भेजेगा तो उस पर 40% ट्रांसशिपमेंट चार्ज भी लगाया जाएगा।

कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने शुक्रवार को बयान जारी कर कहा कि उनकी सरकार अमेरिका से बातचीत जारी रखेगी और समाधान निकालने की कोशिश करेगी। लेकिन फिलहाल ट्रंप प्रशासन के रुख में कोई नरमी नजर नहीं आ रही है। ट्रंप ने भारत पर भी नया 25% टैरिफ लागू कर दिया है। हालांकि भारत सरकार की तरफ से इस पर आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है। लेकिन माना जा रहा है कि आने वाले दिनों में भारत और अमेरिका के बीच व्यापारिक बातचीत तेज होगी ताकि इसका असर कम किया जा सके।

## मोबाइल दुकानदार के खाते में आये 70 लाख रुपये

### ऑनलाइन गेमिंग, और हवाला का पैसा होने की आशंका पर खाता फ्रीज

शाहगंज, जौनपुर(उत्तरशक्ति )। लगभग तीन सप्ताह पूर्व एक बैंक में खुले खाता में तीसरे दिन तीन चार किस्तों में लगभग 70 लाख रुपये आ गये और दूसरे ही दिन खाताधारक ने सारे पैसे इंटरनेट बैंकिंग के जरिए सारा पैसा एक ही दिन में निकाल लिया। फिर कुछ दिन बीतने के फिर ऐसा ही हुआ जिसपर खाता फ्रीज हो गया।तो खाताधारक ने बैंक में जमकर हंगामा किया।

बताया जाता है क्षेत्र के बनहरा पटैला निवासी एक युवक जो पटैला बाजार में ही एक मोबाइल रिपेयरिंग की दुकान चलाता है।लगभग तीन सप्ताह पूर्व उसने नगर के आजमगढ़ रोड स्थित बैंक आफ बड़ौदा में करंट खाता खुलवाया। और खाता खुलवाने के तीन दिन ही उसके खाते में तीन किस्तो में एक ही दिन लगभग 70 लाख रुपये आगये और दूसरे ही दिन खाताधातक ने इंटरनेट बैंकिंग के जरिये सारा पैसा निकाल लिया। फिर लगभग पन्द्रह दिन बीतने के बाद उसी खाते में लगभग 15 लाख फिर आये। मगर उक्त खाता अबतक फ्रीज हो चुका था। जब खाता धारक जिसने ए एच इंटरप्राइजेज नाम से खाता खुलवाया था। शनिवार को उक्त बैंक पहुंचा और पैसा न निकलता देख और खाता फ्रीज होने की जानकारी होने पर बैंक प्रबंधक से गाली गलौज और फौजदारी पर आमादा हो गया। मामले की सूचना मिलने पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और हंगामा कर रहे दो युवकों को हिरासत में लेकर थाने ले गयी।

इस सम्बंध में डिप्टी एसपी अजीत सिंह चौहान से पूछने पर उन्होंने कहा की एक संदिग्ध युवक जिसका नाम अशहद है को कोतवाली लाया गया है।जो बैंक कर्मियों से गाली गलौज और दुर्व्यहार कर रहा था। तो वही चचाओं की माने तो एक मोबाइल रिपेयरिंग करने वाले के खाते में इतनी बड़ी रकम ऑनलाइन गेमिंग सट्टा या हवाला का रुपया हो सकता है। फिलहाल खबर लिखे जाने तक बैंक प्रबंधक की तरफ पुलिस को कोई तहरीर नही दी गयी थी।

## बिहार चुनाव को लेकर बीजेपी बिहार प्रकोष्ठ के दिल्ली में बैठक



-तारकेश्वर पांडे

मीरा भायंदर (उत्तरशक्ति)। आज एक भारत श्रेष्ठ भारत अभियान के तहत आदरणीय तरुण चुघ जी द्वारा बुलाई गई बैठक, यह बैठक में एक भारत श्रेष्ठ भारत अभियान के तहत बिहार चुनाव को लेकर चर्चा किया गया। इस अवसर पर महाराष्ट्र में रह रहे बिहार के लगभग एक लाख प्रवासी नागरिकों का डाटा उन्हें सोपा गया। इस बैठक में आदरणीय सांसद श्री गोपाल जी ठाकुर, एवं बिहार प्रकोष्ठ महाराष्ट्र प्रदेश संयोजक एंड नीतीश वर्मा, के साथ-साथ बिहार प्रकोष्ठ महाराष्ट्र के पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।

## सड़क हादसों में प्रधानाध्यापक समेत दो लोगों की मौत, परिजनों में मचा कोहराम

बलिया। उत्तर प्रदेश के बलिया जिले में दो अलग-अलग थाना क्षेत्रों में सड़क हादसों में एक प्रधानाध्यापक समेत दो लोगों की मौत हो गई जबकि एक किशोर गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार फेफना थाना क्षेत्र में चिलकहर-टीकादेवरी मार्ग पर सहदेश और मटिंही गांव के बीच गुप्तेश्वर नाथ यादव (55) की एक ट्रैक्टर की चपेट में आने से मौत हो गई। इस घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उन्होंने बताया कि चिलकहर क्षेत्र के हरिहरपुर गांव के गुप्तेश्वर नाथ यादव शिक्षा क्षेत्र सोहांव के प्राथमिक विद्यालय बीबीपुर बढ़वलिया में प्रधानाध्यापक के पद पर कार्यरत थे। वह प्रतिदिन की भांति शनिवार की सुबह स्कूल जा रहे थे कि तभी रास्ते में यह घटना हो गई। उभांव थाना क्षेत्र के गौरीताल घोसा गांव के एक मंदिर के निकट शुक्रवार की रात्रि एक मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर सड़क किनारे एक पेड़ से टकरा गई, जिसमें सत्येन्द्र राजभर (18) एवं रवि राजभर (14) गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायलों को ग्रामीणों की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सीयर ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने हालत गंभीर देखते हुए दोनों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। सत्येन्द्र की उपचार के दौरान देर रात्रि मौत हो गई। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## एलओसी पर इंसानियत की मिसाल, भारत ने पाक नागरिक का शव सौंपा

कुपवाड़ा। जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में शनिवार को एक दुर्लभ मानवीय कदम के तहत भारतीय अधिकारियों ने एक पाकिस्तानी नागरिक का शव पाकिस्तान को सौंपा। यह कार्रवाई उत्तरी कश्मीर के करनाह सेक्टर में एलओसी के टिटवाल क्रॉसिंग पॉइंट पर शाम 6 बजे पूरी सुरक्षा और प्रशासनिक निगरानी में की गई। शव 20 जुलाई को केरन इलाके में किशनगंगा नदी के किनारे मिला था, जो पहले अज्ञात था। कानूनी प्रक्रिया (भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 194) पूरी करने के बाद, शव को स्थानीय औकाफ कमेटी द्वारा दफनाया गया था, क्योंकि उस समय तक कोई परिजन सामने नहीं आया था। कुछ दिन बाद, पाकिस्तान के सैन्य संचालन महानिदेशक ने भारत से संपर्क कर बताया कि शव एक पाकिस्तानी नागरिक का है और उसे वापस करने की मांग की। इसके बाद, कुपवाड़ा के जिला मजिस्ट्रेट ने BNSS की धारा 196 के तहत शव को कब्र से निकालने (उत्खनन) का आदेश दिया, ताकि पहचान की पुष्टि और सम्मानजनक तरीके से शव सौंपा जा सके। शव को केरन से टिटवाल लाया गया और वहां भारतीय अधिकारियों ने पाकिस्तानी अधिकारियों को सौंप दिया। इस पूरी प्रक्रिया की निगरानी उप-मंडल अधिकारी करनाह जफर अहमद लोन, तहसीलदार मोहम्मद अमीन भट, और केरन व करनाह पुलिस थानों के एसएचओ ने की। डॉक्टरों और स्थानीय मजिस्ट्रेटों की मौजूदगी में पूरी कानूनी और मानवीय प्रक्रिया का पालन किया गया।